CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :20°C
न्यूनतम: 06°C

लखनऊ, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी: अखिलेश पेज 2




भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलेगा बांग्लादेश खेल टाइम्स



अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय सम्पादकीय



ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे पेज 12

## योगी ने राज्यमंत्री बृजेश सिंह के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की

**देवबंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह के पैतृक आवास जड़ौदा जट्ट, देवबंद पहुंचकर उनके दिवंगत पिता स्व. डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्री योगी गांव जड़ौदा जट्ट में करीब 3.30 बजे पहुंचे एवं 3.40 बजे कुंवर बृजेश सिंह के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री शाम 4.05 पर सरसावा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान होकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री श्री योगी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## चुनाव आयोग ने पेश किया अपना डिजिटल मंच ईसीआईनेट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रौद्योगिकी को दूसरे निकायों को और दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया
■ इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध : ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) में चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाओं के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का उद्घाटन किया और इसकी प्रौद्योगिकी को दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारत मंडपम में चल रहा है। ईसीआईनेट की परिकल्पना ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी चुनाव आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ मिलकर की है। आयोग ने इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की थी। श्री कुमार ने विश्व भर में इसे चुनाव प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं और संगठनों के समक्ष ईसीआईनेट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने इसकी प्रौद्योगिकी को दुनिया के दूसरे देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमपी) को अपने देशों के लिए, अपने कानूनों के अनुसार और अपनी-अपनी भाषाओं में, इसी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास पर भारत के साथ सहयोग करने की पेशकश की। इस अवसर पर डा. संधू ने कहा कि ईसीआईनेट चुनाव प्रबंधन में विश्वास बढ़ाने वाला एक प्रतिष्ठित उपकरण है, क्योंकि यह अधिक पारदर्शिता लाता है और सभी कार्यों की निगरानी में मदद करता है और त्वरित निर्णय लेने तथा जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है।चुनाव आयुक्त डा.जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन भारत के चुनाव आयोग जैसे दूसरे देशों के चुनाव निकायों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों को अपनाने पर वैश्विक प्रथाओं से सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देगा। इन प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए आयोग की महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) डा. सीमा खन्ना ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक का प्रयोग रणनीतिक आवश्यकता बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनकपुरी और विकासपुरी मामले में सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने के आरोपी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी किया। उन्होंने कहा कि मामले का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। यह मामला दंगों के दौरान हुई हिंसा की शिकायतों पर फरवरी 2015 में विशेष जांच दल (एसआईटी) की दर्ज की गई दो प्राथमिकियों से संबंधित था। अगस्त 2023 में निचली अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा भड़काने और शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोपों में आरोप तय किए थे, जबकि हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों को हटा दिया गया था।

### मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से होनी चाहिए थी।

### यूपी व हरियाणा के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी है। शुक्रवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार को बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट था। यहां भी 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के 5 जिलों में शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है।

# पूजा के साथ नमाज भी अदा होगी

## विवादित भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बनी बात, सीजेआई ने निकाला बीच का रास्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में शांतिपूर्ण बसंत पंचमी पूजा और जुमे की नमाज का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला, कमाल मौला परिसर में बसंत पंचमी पूजा और शुक्रवार की जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ गुरुवार को हिंदू पक्षकारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इसमें 23 जनवरी को पूरे दिन बसंत पंचमी की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति मांगी गई थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संरक्षित भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। हिंदू इसे देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद मानते हैं। वर्ष 2003 की व्यवस्था के तहत हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि बसंत पंचमी की पूजा और हवन सूर्योदय से सूर्यास्त तक किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने अदालत को सूचित किया कि जुमे की नमाज एक से तीन बजे के बीच होती है। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे। वहीं अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाई रखी जाएगी। जब श्री जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो श्री खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आएगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता। एएसजी ने इसके बाद सुझाव दिया कि मस्जिद समिति नमाज में उपस्थित लोगों की अपेक्षित संख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे प्रशासन अलग से एक स्थान बना सके और यदि आवश्यक हो तो पास जारी कर सके। श्री खुर्शीद ने उसी दिन विवरण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। समझौते को रिकॉर्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो। हिंदू समुदाय के लिए भी बसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे। इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी हो: सुप्रीम कोर्ट

#### कोर्ट बोला: चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता

#### ईसी ने कहा: हमें गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा कि वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ एनजीओ और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसी को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

## भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नए रिकॉर्ड: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

### भारत ने क्रोएशिया में उसके दूतावास पर तोड़फोड़ की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया के जाग्रेब में उसके दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दूतावास पर तोड़फोड़ की घटना के बाद गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत ने इस विषय को क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है और भारतीय दूतावास की वियना संधि के तहत सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि हम क्रोएशिया के जाग्रेब स्थित हमारे दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अवैध घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

## डोडा में सेना की गाड़ी गहरी खाई में गिरी, 10 जवानों की मौत

■ 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे।

भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। इस हादसे में जान गंवाने वाले जवानों के बारे में सेना ने अब तक जानकारी नहीं दी है। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से हादसे वाली जगह से एयरलिफ्ट करके उधमपुर के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की वजह से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।



नई दिल्ली: कांग्रेस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

## मोदी को पीछे हटाने का मौका है मनरेगा को बचाने की लड़ाई: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भाजपा चाहती है देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ शुरू हुई लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देने और मनरेगा की बहाली के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा।

श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा मनरेगा बचाओ मोर्चा के कार्यकर्ताओं के गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से वापस लाया जाए। इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गरीबों को रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार दिया था। मनरेगा के पीछे की सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो, वो सम्मान के साथ वह अधिकार के साथ काम मांग सके और अधिकार के साथ उसे काम मिले। मनरेगा को पंचायती राज के तहत चलाया जाता था और यह लोगों की आवाज और उनका अधिकार था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे खत्म करने में लगे हैं, लेकिन कांग्रेस इसके लिए लड़ रही है और सरकार को मनरेगा की बहाली के लिए मजबूर करेगी। उनका कहना था कि इससे पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिसे किसानों ने रोक दिया, जो अन्याय किसानों के साथ किया गया था, वही अब मजदूरों के साथ किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कुछ साल पहले भाजपा सरकार 'तीन काले कृषि कानून' लेकर आई और इसके जरिये उसने किसानों पर आक्रमण किया, लेकिन किसानों और हम सबने श्री मोदी पर दबाव डालकर उसे रोक दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है और अब केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी, जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश की धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।

## झारखंड में एक करोड़ के इनामी अनल समेत 15 नक्सली ढेर

■ सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

**रांची।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत गुरुवार को चाईबासा जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सली संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने और दुर्गम जंगलों में तब हुई, जब नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था।

मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल सहित 9 से 14 अन्य साथी नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सारंडा के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शाह 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। शाह समारोह में सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

### 10 हजार किमी सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आज बताया कि दूरदराज की पहाड़ियों से लेकर ग्रामीण समुदायों के मध्य तक फैली ये सड़कें मात्र बुनियादी ढांचे में सुधार का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं, जो कई अवसर खोलती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लगभग 3,270 अलग-थलग पड़े बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 'लखपति दीदियों' को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति' आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं 'लखपति दीदी' बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा, ठहराव और वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने खेती, डेयरी, ई-रिक्शा संचालन, कैफे, मसाला निर्माण, सौंदर्य प्रसाधन, गो-आधारित उत्पाद और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

# सनातन धर्म को कमजोर करने वालों से सतर्क रहना जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता: मुख्यमंत्री
- उप्र दिवस 2026 के दो दिन पूर्व विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उप्र के संकल्प को दोहराया

**लखनऊ/सोनीपत।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है।

सोनीपत में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं आठ महंतों के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म की आड़ में उसे कमजोर करने की साजिशें रचने वाले कालनेमि तत्व समाज के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेला के दौरान मौनी अमावस्या महास्नान पर्व के मौके पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के संगम स्नान से वंचित रहने का मामला गरमा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा है जिसके माध्यम से विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराया है।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि असंख्य संभावनाओं वाला उत्तर प्रदेश संघर्ष और वर्जनाओं की बेड़ियों को तोड़ते हुए बीमार राज्य से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कानून एवं सुशासन का राज स्थापित किया गया है। सत्ता के संरक्षण में पनप रहे माफियाओं के भय के साम्राज्य का अंत कर विकास को गति दी गई। जो निवेशक कभी कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश से दूरी बनाए रखते थे, आज वही उत्तर प्रदेश में निवेश की होड़ लगा रहे हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बनकर उभरा है। बीज से बाजार तक की बेहतर व्यवस्था और रिकॉर्ड डीबीटी भुगतान से अन्नदाताओं की आय में वृद्धि हुई है।

### युवाओं को रोजगार सुनिश्चित हुआ

डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, आईटी-सॉफ्टवेयर, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप और एक जनपद-एक उत्पाद जैसी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया है। इन पहलों से प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार सुनिश्चित हुआ है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक सरकार आर्थिक सहायता सुनिश्चित कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए पेंशन की व्यवस्था है। मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और हेल्थ टेक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हुई हैं।

## माघ मेला मुद्दे को लेकर अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पूर्व सीएम ने कहा: जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ाने का हम संकल्प लेते हैं

**लखनऊ।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डा. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा, तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बघ रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ित की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है। मौजूदा दौर में पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही हैं। ऐसे में समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे जनेश्वर मिश्र, डा. लोहिया, बाबा साहब और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें। इस दौरान अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि हम सभी ने देखा है कि जब वह योग कर रहे थे तो एक टांग पर लड़खड़ा रहे थे, क्या आप लोग उन्हें योगी कहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग, वे लोग हैं, जब उन्हें लगता है कि धर्म के आधार पर वोट नहीं मिल सकता है, सनातन के रास्ते से वोट नहीं मिल सकता है, तो इस तरह का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन का रास्ता सत्य का रास्ता है, धर्म का रास्ता, न्याय का रास्ता है। हम सबको साथ लेकर चले, वही सनातनी रास्ता है। हमारे साधु संत और जितने भी पूजनीय लोग हैं उनका सम्मान करें। उनके पास समय-समय पर जाकर राय मशविरा करें। यही सनातन है। इस दौरान सतुआ बाबा के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सतुआ बाबा को नहीं जानते हैं, हम भी मुख्यमंत्री रहे हैं।

### सत्ता जब अधर्म करने पर उतारू हो जाए, वही कलयुग है: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर हुई घटना पर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता जब अधर्म करने लगे, वही कलयुग है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी 'धर्म-विरोधी' मानसिकता के साथ सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं, जिससे पूरे सनातनी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली से आम लोग ही नहीं, बल्कि भाजपा के समर्थक तक शर्मिंदा हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में सपा ने लगाए पोस्टर

## 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर नंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर घटित घटना के विरोध में समाजवादी पार्टी मैदान में उतर आई है।

पार्टी कार्यालय के बाहर अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह ने पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' लिख कर समर्थन दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। अभी दो दिन पहले ही फोन पर शंकराचार्य से बात कर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने की बात कही गई थी। इसी क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शंकराचार्य से प्रयागराज माघ मेले में मुलाकात की थी। एक दिन पूर्व अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा था कि यदि कोई अधिकारी शंकराचार्य से परिचय और प्रमाण-पत्र मांग रहा है, तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता।

### मानवाधिकार आयोग से की मामले में दखल देने की मांग

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों के साथ कथित अभद्रता का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग की दहलीज पर पहुंच गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने राज्य मानवाधिकार आयोग में मामले की शिकायत करते हुए आयोग से दखल देने की मांग की है।



सेंसेक्स 82307.37
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर रुख नरम करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई। सप्ताह के पहले तीन दिन भारी गिरावट देखने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49 प्रतिशत) चढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 909 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया।

सेंसेक्स ऊपर 82,783.18 अंक और नीचे 81,874.39 अंक तक गया। सुबह के समय यह 874 अंक चढ़ गया था, तो वहीं दोपहर बाद लाल निशान में भी गया। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला वापस ले लिया है। साथ ही, कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। इससे शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 25,289.90 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 2.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। रसायन, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा पौने चार प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर ढाई फीसदी से अधिक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावरग्रिड, सनफार्मा, इंडिगो, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# इंडिगो को दिसम्बर में परिचालन व्यवधान के कारण 555 करोड़ का राजस्व नुकसान

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को पिछले साल दिसम्बर में परिचालन व्यवधानों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एयरलाइंस ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों में शेयर बाजार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में कंपनी ने अप्रत्याशित परिचालन चुनौतियों का सामना किया जिसके कारण 03 से 05 दिसम्बर के बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं। इन व्यवधानों के कारण इस अवधि में यात्रियों से प्राप्त राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई।ष इंडिगो ने बताया कि कंपनी प्रभावित यात्रियों को नियमों के अनुसार मुआवजा दे रही है और बुरी तरह प्रभावित यात्रियों को 10-10 हजार रुपये के वाउचर भी दे रही है। उसने बताया है कि इन सभी कारणों और संबंधित अन्य लागतों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि का अनुमान है। उसने बताया कि इसके अलावा नागर विमानन महानिदेशालय से 17 जनवरी को कंपनी को एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें एयरलाइंस पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वित्तीय परिणाम में इस राशि के लिए भी प्रावधान किया गया है। नियामक ने कंपनी को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जमा कराने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 03 से 05 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 2,507 उड़ानें रद्द रही थीं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई थी। लाखों की संख्या में लोगों को परेशानी हुई।

# किफायती आवास के लिए कर छूट की नीति जरूरी: नरेडको

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) ने सभी को आवास मुहैया कराने के सपने को साकार करने के लिए सरकार से करों में छूट देने, आयकर की कुछ धाराओं में सुधार तथा किराए पर आवास के लिए नीति निर्माण का अनुरोध किया है।

नरेडको के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर मिला है, लेकिन सबके लिए अपना घर का लक्ष्य अब भी काफी दूर है। जमीन की ऊंची कीमतों के कारण बिल्डरों के लिए किफायती आवास बनाना अब संभव नहीं है, इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव, कर प्रोत्साहन और किराए पर आवास के विकल्प पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट में उद्योगों को अपने कामगारों के लिए किराए के आवास बनाने की छूट दी गई है। इसे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया जाना चाहिए। जैसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट चॉल बनाते थे, उसी प्रकार उन्हें किराए के लिए आवास और किफायती आवास भी बनाने चाहिए।

किराए के लिए आवास का मतलब है कि बिल्डर मकान बनाकर उसे बेचने की बजाय किराए पर लगा सकेंगे, ताकि उन लोगों को भी घर मिल सके, जो घर खरीदने में असमर्थ हैं। हीरानंदानी ने कहा कि आयकर के नियमों के तहत मकान यदि खाली हो, तब भी उसके सांकेतिक किराए पर कर लगता है। आयकर कानून की धारा 43 सीए में सर्किल रेट से 10 प्रतिशत तक कम कीमत पर ही बिक्री की अनुमति है। इससे ज्यादा छूट देने पर क्रेता और विक्रेता दोनों पर दंड लगता है। यही कारण है कि रियल एस्टेट डेवलपर चाहें भी तो कम कीमत गरीबों को घर नहीं मुहैया करा सकते। धारा 71 के तहत किराए पर दिए गए आवास के नुकसान की भरपाई दूसरे कारोबार में हुए मुनाफे से नहीं कर सकते, जबकि दूसरे कारोबारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इन सभी नियमों के कारण हर आदमी के लिए घर का सपना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि नरेडको ने आगामी बजट के लिए ये सभी सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं।

# फिक्की के सर्वे में कंपनी जगत ने अर्थव्यवस्था पर मजबूत भरोसा जताया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने आगामी वित्त वर्ष के बजट से पहले गुरुवार को जारी एक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर भारत का कंपनी जगत आशावादी है और 2026-27 के वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इस सर्वे के आधार पर फिक्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बजट में प्रत्यक्ष कर अनुपालन में सरलीकरण, डिजिटलीकरण, कर निश्चितता, विवाद निपटान एवं मुकदमेबाजी प्रबंधन और कॉरपोरेट पुनर्गठन एवं निवेशकों की सुविधा के उपाय किए जा सकते हैं। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच बजट में निर्यात को मजबूत समर्थन की आवश्यकता, अवसंरचना, डिजिटल विनिर्माण और रक्षा उद्योग पर विशेष जोर देने की जरूरत को रेखांकित किया गया है। फिक्की के अनुसार सर्वेक्षण में विस्तृत रूप से आशावाद झलकता है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भारत की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी जगत के 50 प्रतिशत लोगों को लगता है कि 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि 7.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। यह अनुमान ऐसे समय आया है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान में वृद्धि 7.4 प्रतिशत बताई गई है। फिक्की ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत मध्यावधिक (अगले दो-तीन वर्ष की) अवधि की संभावनाओं के मुताबिक बुनियादी तौर मजबूती में विश्वास को दर्शाता है। उद्योग ने राजकोषीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया, जहां लगभग 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा, जिससे सरकार की राजकोषीय समन्वय रूपरेखा में विश्वास मजबूत होता है। सर्वे के आधार पर केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए तीन प्रमुख व्यापक आर्थिक प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से उभरती हैं: रोजगार सृजन, अवसंरचना पर निरंतर जोर और निर्यात को मजबूत समर्थन। जिन क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है, उनमें अवसंरचना, विनिर्माण, रक्षा और एमएसएमई प्रमुख हैं। सर्वे के आधार पर फिक्की की सिफारिश है कि सरकार को विनिर्माण और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर अपना जोर बनाए रखना चाहिए। उद्योगमंडल ने मौलिक कल पुर्जा

# ग्रामीणों को बंधुआ मजदूर बनाने के मकसद से खत्म किया मनरेगा

नई दिल्ली, वार्ता



- भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है।

खड़गे ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा आयोजित मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संवाद में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के देशभर से यहां आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है। उनका कहना था कि सरकार मनरेगा को खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था। अब जल्द ही बजट सत्र शुरु होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है और कांग्रेस गरीबों के हक की इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को नए कानून को हर हाल में वापस लेना पड़ेगा और कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक सरकार मनरेगा को फिर से बहाल नहीं करती है। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से मनरेगा शुरू किया था, लेकिन मोदी सरकार इसे तबाह करने पर तुली है। मनरेगा को खत्म कर सरकार ने ग्रामीण भारत के गरीबों, कमजोर तबकों पर हमला किया है, जिसका देशभर में विरोध हो रहा है। जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे को उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के तमाम हिस्सों में कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। मनरेगा को खत्म करना समाज के कमजोर तबकों पर प्रहार ही नहीं है बल्कि यह महात्मा गांधी को जन स्मृति से हटाकर, ग्राम स्वराज की सोच पर हमला करने की साजिश है। यह पहली बार है कि कोई दल महात्मा गांधी के नाम पर रखी योजना से उनका नाम हटाने की हिमाकत कर रहा है। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाने उतारू भाजपा: खड़गे

मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर उनकी आबरू अमीरों के हाथ में सौंपने जा रहे हैं ताकि लोग अमीरों के इशारों पर, उनकी मर्जी के पैसों पर काम करें। मनरेगा से लोगों को 100 दिन काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, जिसे तबाह करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस को मनरेगा और गरीबों के काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है और इसके लिए सभी श्रमिकों को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई किसी एक दल की नहीं है और ना ही वोट पाने की लड़ाई है बल्कि यह गरीबों के हक की लड़ाई है, ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देने की लड़ाई है और इसके लिए सभी दलों के नेताओं तथा गरीबों को एक साथ खड़ा होना पड़ेगा और इस लड़ाई को जीतना होगा।

# यूपी में निवेश के नए युग का आगाज

## उत्तर प्रदेश दिवस पर विशेष, एमओयू से ग्राउंड ब्रेकिंग तक ऐतिहासिक प्रगति

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते पौने नौ वर्षों में विकास की वह यात्रा तय की है, जो वर्ष 2017 से पहले कल्पना से परे थी।

एक समय निवेशकों के लिए अविश्वसनीय माना जाने वाला प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन चुका है। वर्ष 2018 की पहली इन्वेस्टर्स समिट से लेकर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक योगी सरकार ने निवेश को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्राउंड ब्रेकिंग और क्रियान्वयन के मजबूत माडल के जरिए उसे धरातल पर उतारा। प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जिनमें से हजारों परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से संचालित होकर लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान, डिफेंस कारिडोर, सेमीकंडक्टर नीति, आईटीख्रआईटीईएस, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में किए गए सुनियोजित प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से निकालकर भारत के औद्योगिक विकास का अगुआ बना दिया है। कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णयों के साथ योगी सरकार ने यह साबित किया है कि उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि संभावनाओं को परिणाम में परिवर्तित करने वाला राज्य है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान कमजोर कानून-व्यवस्था, निवेशकों की उदासीनता और अधूरी परियोजनाओं से जुड़ी थी। उद्योग लगाने में वर्षों लग जाते थे, फाइलें दफ्तरों में अटकी रहती थीं और रोजगार की तलाश में युवा प्रदेश से बाहर पलायन करने को मजबूर थे। इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क और आधुनिक लाजिस्टिक्स की कमी ने राज्य की

### रिकॉर्ड निवेश से औद्योगिक आधार का विस्तार, कारखानों, रोजगार और उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि

अर्थव्यवस्था को जकड़ रखा था। वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता दी। 'ईज आफ डूइंग बिजनेस', 'इन्वेस्ट यूपी' और 'निवेश सारथी' जैसे प्लेटफार्म्स ने निवेशकों का भरोसा लौटाया। वर्ष 2018 की इन्वेस्टर्स समिट से शुरू हुई यह यात्रा 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक ▯45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों तक पहुंची है और अब भी निरंतर जारी है। योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि निवेश सिर्फ एमओयू तक सीमित नहीं रहे। अब तक चार ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों के जरिये 15

### आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के साथ रक्षा कॉरिडोर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का विस्तार

लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 16,000 से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है। इनमें 8,300 से अधिक परियोजनाओं का व्यावसायिक संचालन प्रारंभ हो चुका है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। योगी सरकार की औद्योगिक नीति ने कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित रहने के बजाय सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, प्लास्टिक, परफ्रयूम, फार्मा और इलेक्ट्रानिक्स जैसे विविध क्षेत्रों को समान रूप से बढ़ावा दिया। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर क्लस्टर, फूड पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री मॉडल ने छोटे-मध्यम निवेशकों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। आज देश के 65 प्रतिशत से अधिक मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बन रहे हैं और लखनऊ-नोएडा जैसे शहर उभरते टेक हब बन चुके हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ उत्तर प्रदेश ने योजना, भूमि उपयोग और परियोजना क्रियान्वयन को एकीकृत किया। एक्सप्रेसवे-आधारित औद्योगिक क्लस्टर, मल्टी-मोडल लाजिस्टिक्स हब, ट्रांस-गंगा सिटी और ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र ने राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन इकोनामी की दिशा में अग्रसर किया। जिला स्तर तक डेटा-आधारित योजना आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कारिडोर, ब्रह्मोस इंटीग्रेशन सुविधा, अदानी डिफेंस जैसी मेगा यूनिट्स ने राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा उत्पादन का केंद्र बनाया। वहीं डेटा सेंटर नीति, आईटी-आईटीईएस विस्तार और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के जरिए उत्तर प्रदेश डिजिटल और नालेज इकानमी का नया हब बन रहा है। यह बदलाव केवल निवेश नहीं, बल्कि भविष्य की नौकरियों और तकनीकी नेतृत्व का आधार है। बुंदेलखंड, पूर्वांचल व तराई क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों की स्थापना साबित करती है कि योगी सरकार का विकास माडल केवल पश्चिमी यूपी तक सीमित नहीं। वर्ष 2017 के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के साथ औद्योगिकीकरण साकार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, सख्त प्रशासन और स्पष्ट विजन से किसी भी राज्य की तस्वीर बदली जा सकती है। यूपी अब बीते कल की चुनौतियों में नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं में जी रहा है। एक ऐसा प्रदेश, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने को तैयार है।

## निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को गौरीगंज तहसील सभागार में जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित घूम रहे गोवंशों को स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पड़कर स्थानीय गौशाला में संरक्षित कराया जाए तथा गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## राम कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन आज

**जगदीशपुर अमेठी।** सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के उपरांत आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें तमाम भक्तगण शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। विकास खंड के अंतर्गत जगदीशपुर कस्बा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी अश्वनी कुमार पांडेय द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा की अमृत वर्षा अयोध्या धाम से पधारे संतोष जी महाराज ने भक्तों को रसपान कराने के पश्चात आज आयोजित विशाल भंडारे में भारी संख्या में भक्तगण पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## अधिवक्ता महाप. चायत में गरजे वकील

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कनौजिया की कार्यप्रणाली से नाराज मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला,महासचिव राजीव तिवारी के नेतृत्व में एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण आय से अधिक सम्पत्ति की जांच व कार्यवाई को लेकर मुसाफिरखाना तहसील परिसर में विशाल अधिवक्ता महापंचायत का आयोजन किया। एसडीएम प्रशास. निक के विरोध में मांगों को लेकर आयोजित विशाल अधिवक्ता महापंचायत में बड़ी संख्या में जनपद व पड़ोसी जनपदों सहित हाईकोर्ट के अधिवक्ता पहुंचे।

## राज्य संरक्षित धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के लिए स्मारक मित्रों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** संस्कृति विभाग उप्र द्वारा एडाप्ट हेरिटेज पालिसी के अंतर्गत प्रथम चरण में विभिन्न मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलो के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। दूसरे चरण में 10 अन्य स्मारकों के लिए भी इस पालिसी के अंतर्गत स्मारक मित्र चयन किये गये हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एडाप्ट हेरिटेज पालिसी के तहत राज्य संरक्षित गोपीनाथ मंदिर वृन्दावन, पोत्राकुण्ड मथुरा, विगारा की गढ़ी, झांसी एवं लक्ष्मी मंदिर झांसी, कुसुमवन सरोवर मथुरा, रसखान के समाधि मथुरा, बाल्मीकि आश्रम बिठूर, शिव मंदिर का तालाब मूरतगंज कौशाम्बी, टिकैतराय शिव मंदिर बिठूर, सारनाथ मंदिर, दरबाग मिर्जापुर, गोवर्धन मंदिर, लरवाक मिर्जापुर, गुरूधाम मंदिर वाराणसी के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस पालिसी के अंतर्गत कर्दमेश्वर महादेव मंदिर वाराणसी के लिए आशुतोष शुक्ला को स्मारक मित्र बनाया गया है।

# पांच दिवसीय बैंकिंग के समर्थन में बैंककर्मियों की देशव्यापी रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के बैनर तले बैंककर्मियों ने केंद्र सरकार द्वारा 5 दिवसीय बैंकिंग लागू न करने के विरोध में आज स्टेट बैंक, मुख्य शाखा से एक विशाल रैली निकाल कर सभा की। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि बैंककर्मियों ने इसके लिए कई प्रदर्शन व धरना किए तथा ट्विटर अभियान चलाया। लेकिन केंद्र सरकार हमारी इस एक मात्र मांग को भी मानने को तैयार नहीं है।

सभा में कामरेड लक्ष्मण सिंह ने बताया कि रिजर्व बैंक, एलआईसी, सेबी, नाबार्ड, राज्य सरकार, एनपीसीआई, सीवीसी, डीएफएस आदि कार्यालय जब पांच दिवसीय हो सकते हैं तो बैंक क्यों नहीं। एस के संगतानी ने कहा कि अपनी मांग के समर्थन में हम लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। सभा को काम आर एन शुक्ला, संदीप सिंह, एस डी मिश्रा, ललित श्रीवास्तव, प्रभाकर अवस्थी, राकेश पाण्डेय, विभाकर कुशवाहा, बी डी पांडेय, वी के माथुर, मनीष कांत, विशाखा वर्मा, स्वाति सिंह, वी के सेंगर, शकील अहमद, तारकेश्वर चौहान, आकाश शर्मा आदि बैंकनेताओं ने कहा कि बैंक कर्मियों पर काम के दबाव के चलते पांच दिवसीय बैंकिंग शीघ्र लागू होनी चाहिए। इनके अतिरिक्त आशुतोष वर्मा, अभिषेक तिवारी, करुणेश शुक्ला, एम जेड हसन, आर बी सिंह, आनंद सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, अवधेश सिंह आदि बैंकनेताओं ने केंद्र सरकार को आगाह करते हुए कहा कि यदि सरकार 27 जनवरी की एक दिवसीय हड़ताल से भी नहीं चेती तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं। अनिल तिवारी, मीडिया प्रभारी ने बताया कि 27 जनवरी को होने वाली देशव्यापी बैंक हड़ताल के दिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंककर्मियों द्वारा इंडियन बैंक, हजरतगंज में 12 बजे सभा एवं विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

# जश्न-ए-आज़ादी एवं इंसानियत हेल्थ केयर हॉस्पिटल की अनूठी पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** जश्न-ए-आज़ादी एवं इंसानियत हेल्थ केयर हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर में एक भव्य नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस जनसेवात्मक पहल में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर, हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच की। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर उपस्थित नागरिकों में खासा उत्साह

### नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई

देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि जश्न-ए-आज़ादी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, स्वास्थ्य और इंसानियत की भावना पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों और चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया।इस अवसर पर कुदरत उल्ला खान,मुर्तुजा अली,जुबैर अहमद आदि मौजूद थे।

# उद्यान विभाग की योजनाओं की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यान विभाग द्वारा संच. ालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, पर ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की विस्तार से समीक्षा की। जिला उद्यान अधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 से संचालित की गई है। यह केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत फल, सब्जी, मसाले, पुष्प, कंद एवं प्रकंदीय फसलों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों का पंजीकरण बागवानी पारदर्शी किसान सेवा योजना पोर्टल पर ऑनलाइन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत टिश्यू कल्चर केला रोपण 25 हेक्टेयर, पपीता 1 हेक्टेयर, स्ट्राबेरी 2 हेक्टेयर, आम 2 हेक्टेयर, शाकभाजी 60 हेक्टेयर, मसाला फसलों में प्याज 29 हेक्टेयर, लहसुन 94 हेक्टेयर, हल्दी 1 हेक्टेयर, पुष्प खेती 3 हेक्टेयर, जैविक खेती 25 हेक्टेयर, सब्जियों में मचान 20 हेक्टेयर तथा फेंसिंग 5000 रनिंग मीटर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष किसानों से संपर्क कर कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त पर ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 809 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# लखनऊ के चारबाग में कुलियों का प्रदर्शन

## राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** कुलियों को इस बजट सत्र में 2008 की तरह रेलवे की स्थाई नौकरी में समायोजित करने की घोषणा सरकार करे एवं उनके हुए सर्वे की रिपोर्ट संसद के पटल पर रखने, उनके लिए चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य, वर्दी, विश्रामगृह आदि की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करने और कुलियों का काम निजी क्षेत्र को देने पर रोक लगाने की मांगों पर आज पूरे देश के कुलियों ने राष्ट्रीय कुली मोर्चा के आव्हान पर ट्विटर यानी एक्स पर अभियान चलाया। अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव, मंत्री नीलम सीतारमण और रेलवे बोर्ड को टैग कर ट्वीट किया गया।

ट्विटर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कुली मोर्चा के नेशनल कोआर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने बताया कि मोर्चा के प्रयासों के बाद पूरे देश में रेल मंत्रालय ने कुलियों की आजी. विका और सामाजिक सुरक्षा के संबंध में सर्वे कराया था, लेकिन यह रिपोर्ट न तो मोर्चा के पदा. धिकारियों को दी गई और न ही इसे संसद के पटल पर रखा गया। इस बजट सत्र में सर्वे की रिपोर्ट को संसद के पटल पर रखने की मांग आज के ट्विटर अभियान में पुरजोर तरीके से उठाई गई। उन्होंने कहा कि लगातार रेलवे के निजीकरण की नीतियों के कारण कुलियों की आजीविका का गंभीर खतरा पैदा हुआ है। ऐसे में 2008 की तरह कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित कर उनके साथ न्याय किया जाना आवश्यक है। आज पूरे देश में हजारों कुलियों ने इस ट्विटर अभियान में शिरकत की है और लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर भी कुलियों ने बड़ा प्रदर्शन कर सामूहिक रूप से ट्विटर यानी एक्स पर पोस्ट किया है। ट्विटर अभियान का नेतृत्व अकबर अली, राघवेन्द्र प्रताप, एजाज अहमद, निहाल खान, नौशाद अहमद, दिलीप कुमार, खुर्शीद अहमद, इकबाल अहमद, मोइद अहमद, अकील अहमद, फुरकान अहमद, नामदार अली, रमेश ठाकुर, अनिल सांवले, राजू टेकम, विकास, जितेंद्र डांगी, राजकुमार यादव, शेख रहमतुल्लाह, चंदेश्वर मुखिया, रामबाबू बिलाला, राम महावर, कलीम मकरानी, संजय पासवान, सुभाष यादव, राजकृष्ण कुशवाह, दिगम्बर यादव, सुरेंद्र यादव, अरविंद यादव, चंद्रेश्वर मुखिया, दिनेश मुखिया, चंद्रपाल, उमेश शर्मा, राहुल कुमार, राज कपूर, भारत भूषण, राज. कुमार, अरुण कुमार महतो, शिवराम, मूलचन्द, अमजद भाई, चंद्रू चालवाड़ी, राम जनम यादव, ओम प्रकाश खींची, इमरान अहमद ,मोहम्मद हाशिम, आदि लोगों ने किया।

# बलरामपुर की क्रय समिति में अकाउंटेंट व फार्मासिस्ट किए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में सामग्री खरीद के लिए बनी क्रय समिति में अकाउंटेंट और फार्मासिस्ट शामिल कर लिए गए हैं, जबकि शासनादेश में अध्यक्ष और सीएमओ की ओर से नामित अधिकारी समेत कुल पांच लोगों को कमेटी में शामिल करने के निर्देश हैं। बलरामपुर अस्पताल की इस नई क्रय समिति में अध्यक्ष ने छह सदस्य बना डाले हैं, जिस पर सवाल उठ रहे हैं।

बलरामपुर अस्पताल की निद. ेशक डा. कविता आर्या की ओर से 19 जनवरी को क्रय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में निदेशक डा. कविता आर्या अध्यक्ष हैं, जबकि अन्य सभी सदस्य में सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. एसके पांडेय, सीएमओ की ओर से नामित सदस्य डिप्टी सीएमओ डा. निशांत निर्वाण, एमएस व प्रभारी अधिकारी स्टोर डा. देवाशीष शुक्ला, चीफ फार्मासिस्ट व फार्मेसी अधिकारी जेके सचान, लेखाकार श्याम सुंदर कुशवाहा को शामिल किया गया है। इस क्रय समिति के दो सदस्यों (चीफ फार्मासिस्ट व फार्मेसी अधिकारी जेके सचान और लेखाकार श्याम सुंदर कुशवाहाद्ध को शासनादेश के विपरीत क्रय समिति में शामिल करने का आरोप लगा है। शासनादेश है कि निदेशक या अपर निदेशक और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक स्तर के जिला अस्पतालों में क्रय समिति में अध्यक्ष और चार सदस्यों (कुल पांच अधिकारीद्ध को होना चाहिए। यह क्रय समिति अस्पताल में मरीजों की दवा से लेकर बेड आदि उपकरण आदि की खरीद के लिए मान्य होगी। वर्ष 2008 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उप्र के तत्कालीन महानिद. ेशक एलबी प्रसाद ने सात फरवरी, 2008 को शासनादेश का हवाला देते हुए आदेश जारी किया था। इस आद. ेश में था कि जिला स्तरीय अस्पताल या अन्य अस्पताल, जहां पर निद. ेशक या अपर निदेशक स्तर के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के पद हैं। वहां पर क्रय समिति के गठन में अध्यक्ष अस्पताल का निदेशक या प्रमुख अधीक्षक रहेगा। इसके अलावा चार सदस्य होंगे, जो कि सीएमएस या एमएस, अस्पताल का वरिष्ठतम विशेषज्ञ, प्रभारी चिकित्साधिकारी स्टोर और सीएमओ या उनकी ओर से नामित एक डिप्टी सीएमओ होगा।

# पेंशनरों ने किया ईपीएफओ पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ ।** ईपीएस- 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा आज गोमती नगर स्थित ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय पर न्यूनतम पेंशन 7500/- ,महंगाई भत्ता एवं मुफ्रत चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर पेंशनरों ने जोरदार प्रदर्शन किया पेंशनरों ने कहा कि प्रधानमंत्री, श्रम मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा पेंशन बढ़ोतरी का बार-बार आश्वासन देने के बावजूद अभी तक इसकी घोषणा नहीं की गई है।

सरकार भिन्न-भिन्न योजनाओं में बिना किसी अंशदान के 3-4 हजार पेंशन बांट रही है जबकि ईपीएस- 95 पेंशनरों को 30-35 साल अपने सेवा काल में नियमित पेंशन अंशदान ईपीएफओ में जमा करने के बावजूद औसतन 1171/- मासिक पेंशन दी जा रही है जो कि देश के 81 लाख वृद्ध पेंशनरो के साथ घोर अन्याय है। केंद्र सरकार अपने वायदे के मुताबिकआगामी बजट में न्यूनतम पेंशन 7500/- करने की घोषणा करें। प्रदर्शन के दौरान ईपीएफओ आयुक्त अश्विनी कुमार को श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया उन्होंने इसे तत्काल दिल्ली फारवर्ड करने का आश्वासन दिया। सभा स्थल से मुख्य सड़क तक पेंशनरों ने रैली निकाली और नारेबाजी की। प्रदर्शन में रोडवेज आवश्यक वस्तु निगम, अपट्रान, एचएएल , आईटीआई, सीड कारपोरेशन, एफसीआई , वन निगम, निर्माण निगम सहित अनेक निगमो और निजी संस्थाओं के लखनऊ, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली देवीपाटन मंडल के बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए। सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर,आर एन द्विवेदी,प्रांतीय उपाध्यक्ष नासिर खां, प्रांतीय संगठन मंत्री पीके श्रीवास्तव, प्रांतीय मुख्य समन्वयक, उमाकांत सिंह विसेन प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे,प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे ,मंडल उपाध्यक्ष एपी सिंह मंडल सचिव अशोक वाजपेई ,महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष गीता वर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री सुनीता सोनकर सुमनलता श्रीवास्तव , ,डीडी यादव सतीश अग्निहोत्री राकेश द्विवेदी, जी के बहल, एस पी पांडेय, पी सी कुरील, एस पी सिंह, विनोद कुमार आदि ने संबोधित किया

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

**में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।**
**नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।**
**मौहम्मद जान तुर्की,**
**ब्यूरो चीफ लखनऊ**

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
**Mob. 8630533498**
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# वाद विवाद में अमिशि व अक्षय रहे प्रथम

## आरके स्कूल में प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अंतरराष्ट्रीय महिला इनर व्हील क्लब की शाखा के तत्वावधान में एक वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गुरुवार को राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में अंत. रराष्ट्रीय महिला इनर व्हील क्लब की अमरोहा शाखा के तत्वावधान में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग लिया और अपने वाक कौशल तथा ज्ञान कौशल से उपस्थित श्रोताओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय "क्या सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वास्तव में हमारे आदर्श हैं। एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को विषय- खेल, सांस्कृतिक विरासत एवं समसामयिक घटनाएँ था। वाद विवाद प्रतियोगिता मे विपक्ष में कक्षा 11 की अमिशि गुप्ता प्रथम एवं ईशी दूबे-द्वितीय स्थान पर रही एवं पक्ष में हमना खान प्रथम एवं पूर्वी कालरा द्वितीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में



टीम -डी अक्षय कुमार, सना कमाल, हर्ष बुटार, मौ0 रिहान विजयी रही। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला इनर व्हील क्लब शाखा की अध्यक्षता श्रीमती शर्मिला गुप्ता, सचिव श्रीमती डॉ. सीमा अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. हर्षिता गुप्ता, तत्काल पूर्व अध्यक्षा श्रीमती मंजू गोयल एवं अन्य सदस्य श्रीमती निधि माहेश्वरी, श्रीमती रीना माथुर, श्रीमती स्वाति सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# राम मन्दिर की तीसरी वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को नगर में आध्यात्मिक उत्साह देखा गया। श्री शिव महामंडल रामलीला परिसर समिति के तत्वाधान में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला मंच पर आयोजित विधि-विधान से युक्त हवन के साथ हुआ। मुख्य पुजारी महेश चंद्र शर्मा, सतवीर शर्मा और पप्पू शर्मा के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां दी गईं। मुख्य यजमान के रूप में पुनीत कुमार अग्रवाल व उनकी पत्नी अनुभा अग्रवाल तथा राजीव अग्रवाल व उनकी पत्नी दीपिका अग्रवाल ने पूर्णाहूति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी, विनोद कुमार, जयपाल सैनी, लोकेश अग्रवाल, शिवकुमार सैनी, पूरन सैनी, धर्मेंद्र रस्तोगी और पंडित दामोदर शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हवन में



सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाया। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शाम 6:00 बजे परिसर में विशेष दीपोत्सव का आयोजन किया गया है। यहाँ 1100 दीपक प्रज्वलित कर ढाई सौ वर्ष पुरानी परंपरा के अनुरूप भगवान श्री राम की महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर बीना शर्मा, नीरज अग्रवाल, प्रवीन कुमार प्रजापति और राकेश बंसल सहित अन्य भक्तों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उधर,श्री रामलाला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी श्री राम भक्त द्वारा राजपूत कॉलोनी में तृतीय विशाल भंडारा आयोजन किया गया। जिसमें भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी जी साथ में संजय सहदेव अन्य सभी भक्तगण उपस्थित रहे।

# सादगी और संघर्ष की मिसाल थे जनेश्वर मिश्र





## पुण्यतिथि पर सपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रख्यात चिंतक एवं दार्शनिक 'छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथई गांव में हुआ था और 22 जनवरी 2010 को इलाहाबाद में उनका निधन हुआ। उनके पिता रणजीत मिश्र किसान थे और माता बासमती जी गृहणी थीं। छात्र हितों के लिए उन्होंने कई आंदोलन किए। 1967 से शुरू हुए उनके राजनीतिक सफर में वे वर्ष 1992 से 2010 तक लगातार राज्यसभा सांसद रहे। समा. जवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उन्हें 'छोटे लोहिया' कहा गया। उनका जीवन सादगी, सामाजिक न्याय और गैर-बराबरी के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक रहा। इस अवसर पर अजय मलिक, सन्तराम यादव, सर्वेश सैनी, साजिद अली अतीक अहमद, अरविंद कसना, शाबेज खां, विपिन कौशिक, राधेलाल रघुवंशी, मुमताज खां, मुंसब मेवाती आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर वाहन चलाते समय करें यातायात नियमों का पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नोबल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा माह

**■ नोबल पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन**

के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजीव तरारा ने कहा कि हमें सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

इस मौके पर उप-संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन / सड़क



सुरक्षा अमरोहा महेश कुमार शर्मा, यातायात प्रभारी जनपद अमरोहा अनुज मालिक, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा, जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति के सदस्य गुलशन पुरी, अमरोहा रोडवेज डिपो प्रभारी साजिद अली, डॉ.रवि भूषण शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के डायरेक्टर शुभम उपाध्याय ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्रा प्रशिधि अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सेफ्टी क्लब के सदस्यों एवं बच्चों को हेलमेट वितरित किए गए। अंत में सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कपिल कुमार, सोनम, जया पांडे, सपना सिंघल, शालिनी सिंह, तरूण जग्गा, विनीत कुमार, जावेद खान मौजूद रहे।

# पशुपालन को लाभ का व्यवसाए बनाने के लिए किया प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने और पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से स्पर्श सोशल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय डेयरी आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरूवार को ब्लॉक के ग्राम फतेहपुर छीतरा और धनौरा ब्लॉक के नीलीखेड़ी में किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ से जुड़ी 140 महिला पशुपाल. कों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ फाउंडेशन के



सीनियर मैनेजर एस. आनंद ने किया। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और डेयरी क्षेत्र में छिपी स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि सही जानकारी और तकनीक अपनाकर पशुपालन की लागत कम की जा सकती है। इस दौरान पशु चिकित्सक बृजेश सिंह ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों जैसे खुरपका, मुंहपका, बांझपन और थनेला के लक्षण व उनके वैज्ञानिक उपचार के बारे में बताया। इस मौके पर स्पर्श सोशल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मिरनाल पॉल, स्पर्श टीम से शिवप्रसाद, दिनेश मेहर, अरविन्द, हेमन्त, सुमन, प्रेमवती आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** नगर के कौशल्या देवी बलवंत सिंह इंटर कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महत्वपूर्ण सूत्र एवं अध्ययन संबंधी सुझाव भी बताए गए।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोमराज सिंह, राहुल कुमार, शिव नरेश सिंह, विनेश सिंह, सनोज सिंह,व समस्त स्टाफ व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### एएसएम में धूमधाम से मनी बसंत पंचमी



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी तक के बच्चों ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर पूजा की। विद्यालय के प्रबंध वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने विद्यालय परिवार को बसंत पंचमी त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मां सरस्वती जो कि ज्ञान कला संगीत की देवी है। हम सभी को उनके प्रति सकारात्मक श्रद्धा रखनी चाहिये। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बसंत पंचमी की बहुत-बहुत बधाइयां दी। और बच्चों को बताया कि मां सरस्वती की पूजा से ज्ञान बुद्धि और कला में वृद्धि होती है। यह पर्व बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। और यह हमें प्रकृति की सुंदरता महत्व को बताता है। इस अवसर पर चेतन सागर रेखा महिमा प्रियांशु आप या कविता तनु राखी रुबीना मौजूद रहे।

### समाज को बांटने वाले देश के दुश्मनः सैनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** गुरुवार को नगर के मौहल्ला सैनी नगर स्थित कल्याण सिंह सैनी के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक राजपाल सैनी ने कहा कि प्रदेश में ओबीसी, एससी-एसटी एवं माइनॉरिटी समाज पर राज्य और केंद्र सरकार की छत्रछाया में शोषण, दमन और उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वर्गों के महापुरुषों की प्रतिभाओं और प्रतीकों पर लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं।राजपाल सैनी ने कहा कि देश में लाखों की संख्या में ऐसे राष्ट्रद्रोही तत्व सक्रिय हैं, जो बराबरी का हक, सम्मान और हिस्सेदारी के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। बैठक में कृपाल सिंह सैनी, कमल सिंह सैनी, पियूष सैनी, रमेश सिंह, धन सिंह सैनी, महेंद्र सिंह सैनी, चमन सिंह सैनी एवं नंदराम सैनी आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू सम्मेलन में रहा एकजुटता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के बस्ती स्थित प्राचीन चामुण्डा मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष महेंद्र सिंह, अतिथि कन्हैया कुमार, सुनील कुमार और संत मनोज ने दीप प्रज्वलित करके किया। बस्ती स्थित संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कन्हैया कुमार ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा के संबंध में विस्तार से बताया। कहा कि संघ 100 वर्षों से लगातार समाज को संगठित व परिवर्तन का कार्य कर रहा है। संघ के स्वयंसेवक तीन बार प्रतिबंधों व आपातकाल में भी नहीं रुके





**गजरौला।** हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते जगदीप सिंह सिद्धू।

और कोरोना कल में लगातार सेवा कार्य किया। महंत मनोज कुमार ने हिंदू धर्म के सामने चुनौतियां व उनके समाधान के बारे में बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत से बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार ने पांच परिवर्तन के बारे में विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने सामाजिक समरसता पर्यावरण जागरूकता कुटुंब प्रबोधन स्वदेशी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले आयोजन समिति के सदस्यों ने पटका पहनकर अतिथियों का स्वागत किया। संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व कठपुतली कार्यक्रम करके सबका मन मोह लिया। छात्राओं ने कठपुतली के माध्यम से स्वच्छता की भी अलग जगाई। इस मौके पर कमल कुमार, जगदीप सिंह सिद्धू, पुष्पेंद्र सिंह, संजय सिंह गौर, विवेक त्यागी, रेखा रानी आदि मौजूद रहे।

## मामे भांजे को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने मामा भांजे के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव टीकोवाली निवासी जयचंद व उसका भांजा टिंकू 16 जनवरी की शाम को करीब छह बजे दारानगर से काम करके अपने गांव वापस जा रहे थे। जब वे रास्ते में पहुंचे तो दारानगर गांव निवासी बोगली, नितेश व सतीश ने उन्हें रास्ते में लाठी डंडो से मारपीट की। घटना के बाद आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तेंदुए ने किया नीलगाय के शावक का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** तेंदुए ने नीलगाय के शावक का शिकार कर लिया। गुरुवार सुबह जंगल में अवशेष पड़े मिलने से दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से जंगल में पिंजरा लगाने की मांग की है। दरअसल, दो दिन पहले गांव जग्गा नगला निवासी अमर सिंह बेटी मयंक के साथ बाइक से कैलसा जा रहे थे। रास्ते से गुजरते में उन्हें जंगल के पास एक तेंदुआ दिखाई दिया था। इसके अलावा तीन-चार दिन पहले गांव के रहने वाले किसान हेतराम सिंह, बलबीर सिंह और करतार सिंह ने भी खेतों की ओर जाते समय जंगल में तेंदुए को देखने का दावा किया था। अब गुरुवार सुबह गांव से सटे जंगल में नीलगाय के शावक के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। चर्चा है कि तेंदुए द्वारा उसका शिकार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही जंगल और नहर के आसपास जाने में लोग डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके की गश्त बढ़ाने व तेंदुए की निगरानी की मांग की है।

## जश्ने इमाम जैनुल आबेदीन 24 को

**अमरोहा।** नगर के मोहल्ला दरबारे कलां स्थित अजाखाना शम्स अली खां में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के बेटे हजरत इमाम जैनुल आबेदीन के जन्म दिवस हर अंजुमन-ए-सज्जादिया के संयोजन में ऑल इंडिया मनकबती मशायरा 24 जनवरी की रात 8 बजे से आयोजित होगा। मुशायरे में विख्यात शायर शहजादा गुलरेज रामपुरी, डॉ नसीम-उज-जफर, मजर सईद, फैय्याज रायबरेलवी, मौलाना आजम मेहंदी सुल्तानपुरी, जफर नसीराबादी, खुर्रम वसीम मुजफ्फरनगरी, नजर सुल्तानपुरी, राशिद मोरानवी, अनवर सेथली, कुमैल अकबराबादी व जौहर सिरसिवी अपना कलाम सुनाएंगे। जानकारी अंजुमन के सेकेट्री नाजिम हुसैन ने दी है।

# मां सरस्वती की प्रतिमा को कराया नगर भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में माँ

**■ सरस्वती शिशु मंदिर में आज होगी स्थापना**

सरस्वती की अष्टधातू की प्रतिमा स्थापित होगी। गुरूवार को पंडित सुखदेव शास्त्री ने हवन पूजन के बाद प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया। बुधवार को आयोजित हवन पूजन में मुख्य यजमान संस्था प्रबंधक कपिल सिंघल, अध्यक्ष पपिल केशव गर्ग, सदस्य संजीव सिंघल, मुकेश सिंघल व दिनेश सिंघल ने आहूति प्रवेशित कीं। इस



अवसर पर रामदास शर्मा, प्रमोद शर्मा, एसवी त्रिपाठी, पंकज कौशिक, शलभ सिंघल, अंकुर सिंघल, नितिन बंसल, विभू बंसल, अंकित अग्रवाल, आदित्य गोयल, अजय सिंघल, राजीव गोयल, सचिन बंसल, कपिल गोयल, शीतल प्रसाद अग्रवाल, ज्योति गोयल, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# अंडरपास के विरोध में भाकियूं शंकर का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भाकियू शंकर ने धरना देकर चक्कालीलेट रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाये जाने का विरोध किया तथा यहां ओव. रब्रिज की मांग की।

प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन शंकर के बैनर तले धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि चक्कालीलेट रेलवे फाटक संख्या 11/सी पर रेलवे प्रशासन द्वारा प्रस्तावित अंडरपास निर्माण से पूरे क्षेत्र के आवागमन, कृषि, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह फाटक क्षेत्र का एकमात्र मुख्य मार्ग है, जो दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग और हरिद्वार (उत्तराखंड) राजमार्ग को जोड़ता है और भविष्य में इसके हाईवे के रूप में विकसित होने की पूरी संभावना है। किसानों और व्यापारियों ने आशंका जताई कि अंडरपास बनने से गन्ना ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, कंटेनर वाहन व अन्य भारी वाहनों का आवागमन मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के करीब 20 ग्राम प्रधानों और जनप्रति. निधियों ने उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के महाप्र. बंधक को पत्र भेजकर अंडरपास के बजाय ओवरब्रिज (फ्लाईओवर) बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता चौधरी देवराज सिंह ने की, जबकि संचालन दशरथ कौशिक ने किया। धरने में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जोया में सनातनियों ने किया खिचड़ी का वितरण

**जोया।** पुलिस चौकी के सामने सनातनियों ने खिचड़ी का वितरण किया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्रतिमा को विधिवत मंदिर में स्थापित किया गया था। इस अवसर पर मयंक कुमार ऊर्फ मोनू, सुखबंत सिंह , अनिल त्यागी, जितेन्द्र चौधरी, अमित गुप्ता, बब्लू गुप्ता,राजू चौधरी, चौधरी भूप सिंह, आदि शामिल रहे ।



# बछरायूं में युवक की संदिग्ध मौत आत्महत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाले तीन आरोपी दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ग्राम बांसबोझ निवासी लालाराम पुत्र जानकी प्रसाद ने 16 जनवरी को बहेड़ी कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनकी मां ललिता देवी पत्नी जानकी प्रसाद (उम्र 70 वर्ष) की अज्ञात व्यक्तियों ने गला दबाकर हत्या कर दी है। इस मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए थाना देव. रनियां क्षेत्र के रिछा फाटक के पास से तीनों आरोपियों राजेश पुत्र नरायण लाल (20 वर्ष), आकाश पुत्र माखन लाल (24 वर्ष) और सर्वेश पुत्र लोकीराम (28 वर्ष) निवासी ग्राम बांसबोझ थाना बहेड़ी जनपद बरेली को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में तीनों युवकों ने बताया कि 13-14 जनवरी की रात करीब एक बजे वह तीनों चोरी के इरादे से पड़ोस में पीछे की ओर से छत के रास्ते घर में घुसे थे। अंदर कमरे में मौजूद ललिता देवी की नींद खुल गई और उन्होंने आरोपियों को पहचान लेने व पुलिस में शिकायत करने की बात कही। पकड़े जाने के डर से तीनों ने बुजुर्ग महिला का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद उन्हें जेल भेज दिया।

# एएनटीएफ बरेली की बड़ी कार्रवाई

- चार किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार
- बीस लाख की खेप, ब्रीजा कार व नकदी बरामद, पंजाब सप्लाई का खुलासा




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। एएनटीएफ यूनिट बरेली ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी में लिप्त एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार किलो अफीम बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान एक ब्रीजा कार, एक मोबाइल फोन और 1500 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिद. `शक कानून एवं व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अशोक पुत्र पूरनलाल, निवासी ग्राम नौगवां, थाना अलीग. `ज, जनपद बरेली के रूप में हुई है। अभियुक्त को अलीगंजखसिरौली रोड पर रामनगर जाने वाली सड़क के सामने, थाना सिरौली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरौली में धारा 8/18/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह बरेली निवासी एक व्यक्ति के लिए काम करता था, और उसी के निर्देश पर अफीम को पंजाब ले जाकर वहां के एक व्यक्ति को सौंपता था। वहां से मिलने वाली रकम वह वापस बरेली लाकर संबंधित व्यक्ति को देता था और बदले में कमीशन लेकर अपने शौक पूरे करता था। गिरफ्तार दिन भी वह अफीम लेकर पंजाब जा रहा था, तभी एएनटीएफ टीम ने उसे पकड़ लिया।

इस सफल कार्रवाई को एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उप निरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। टीम में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, विनीत कुमार, कुश कुमार और रसविन्द्र चौधरी शामिल रहे। कार्रवाई में थाना सिरौली पुलिस टीम के उप निरीक्षक कृपाल सिंह, कांस्टेबल राहुल यादव और कांस्टेबल मनोज कुमार का भी सराहनीय सहयोग रहा। पुलिस अब तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

## एक नजर

# पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को पीटा, घर में घुसकर की तोड़फोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव टाह प्यारी नवादा में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए युवक के भाई को भी पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव टाह प्यारी नवादा निवासी नुबैद पुत्र शरीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जनवरी की शाम करीब 8 बजे वह गांव की एक परचून की दुकान से सामान लेने गया था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही शौकत का पुत्र शाकिर उसका भाई शाने आलम और साला साबिर अली वहां मौजूद थे। तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

मारपीट से बचने के लिए नुबैद पास में स्थित ताऊ के मकान में घुस गया, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और तोड़फोड़ करते हुए उसे पीटते रहे। शोर सुनकर उसका भाई दानिश मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। घटना में दोनों भाइयों को हाथ, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं और आए दिन झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर शौकत, शाकिर, साने आलम और साबिर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# एक करोड़ 45 लाख में हुई ओसवाल चीनी मिल की भूमि की नीलामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गन्ना किसानों के 72 करोड़ की बकाए का भुगतान न होने पर गुरुवार को तहसील प्रशासन ने ओसवाल चीनी मिल की औरंगाबाद स्थित भूमि को नीलाम कर दिया। एक करोड़ 45 लाख 50 हजार में जमीन की नीलामी की गई।

आरसी जारी होने के बाद तहसील प्रशासन ने ओसवाल चीनी मिल को नीलाम किए जाने की सूचना प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को तहसील सभागार में भूमि की नीलामी शुरू कराई गई। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह की मौजूदगी में हुई इस नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाए जाने वाले सिथरा के फॉर्म पैक्स बायोएनर्जी एलएलपी के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह के नाम एक करोड़ 45 लाख 50 हजार में मिल की औरंगाबाद स्थित करीब साढ़े 52 बीघा जमीन की नीलामी की गई।

इस नीलामी प्रक्रिया में सुनील कुमार, प्रतिनिधि आसानी होटल एल एल पी हरदीप सिंह ने भाग लिया। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि मिल की मुड़िया भीकमपुर स्थित भूमि की नीलामी होना शेष है, उसे भी जल्द नीलाम किया जाएगा।

# विधायक ने विशेष मतदाता अभियान में किया जनसंपर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** विधानसभा क्षेत्र 121 नवाबगंज में गुरुवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विशेष मतदाता अभियान के तहत सघन जनसंपर्क किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरवाए। अभियान के दौरान ग्राम अहमदाबाद, डंडिया बाबूराम, दिबनापुर और हरहरपुर चौधरी के मतदान केंद्रों (बूथों) पर प्रवास किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ऐसे युवाओं से संवाद किया जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मौके पर ही उनके फॉर्म-6 भरवाकर उन्हें नए मतदाता के रूप में पंजीकृत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल मतदाता सूची




को अद्यतन करने का माध्यम है, बल्कि यह हमारे लो. कतंत्र की नींव को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। हर एक वोट देश के भविष्य के निर्माण में सहायक होता है।

इस दौरान जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा नितिश उपाध्याय एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष भाजपा राजू हिन्दुस्तानी, महिपाल गंगवार, सरजू गंगवार, सो. हनलाल, पातीराम गंगवार, अमित शर्मा, रोहित गंगवार, अनिल कुमार गंगवार, स्थानीय बूथ अध्यक्ष, बीएलओ और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे में उलझकर टावर में फंसा कबूतर

- मेनका गांधी के फोन से मचा हड़कंप
- टावर कर्मी के देर से पहुंचने पर गई बेजुबान की जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे की इंद्रानगर बस्ती में लगे जियो कम्पनी के एक टावर में एक बेजुबान पक्षी कबूतर फंस गया। जिस पर बस्ती की ही एक छात्रा पिंकी गंगवार की नजर पड़ गई। लखनऊ में एमएसडब्लू की पढ़ाई कर रही इस छात्रा ने सबसे पहले सुबह करीब 9 बजे रेस्क्यू टीम के विक्रांत को फोन लगाया, तो उन्होंने फोन बन्द कर



लिया। उसके बाद छात्रा ने सीधे पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी को फोन लगाकर टावर में एक पक्षी के फंस जाने की जानकारी दी।

छात्रा के इस फोन पर वन कर्मियों के साथ ही फायर बिग्रेड कर्मियों में खलबली मच गई, और आनन फानन फायर स्टेशन के प्रभारी पुष्पेंद्र चौहान, वन विभाग के अकबर अली अपने-अपने स्टाफ कर्मी के साथ स्थल पर जा पहुंचे, लेकिन विभाग द्वारा टावर पर चढ़ने की अनुमति न मिलने की वजह से दोनों ही विभाग के कर्मी सिर्फ तमाशबीन बने रहे, और वहीं बैठकर जिओ कम्पनी के कर्मी का इंतजार करने लगे।

शाम करीब पौने चार बजे पहुंचे जिओ कम्पनी के टावर कर्मी कैलाश राठौर स्थल पर पहुंचे, और वह टावर पर चढ़े तब तक बेजुबान पक्षी कबूतर की जान जा चुकी थी। छात्रा का पशु प्रेम काम नहीं आया। इस दौरान बस्ती में भारी भीड़ लग गई।

# नाबालिग के अश्लील फोटो वायरल करने पर तीन लोगों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर की गई कार्यवाही**

**बहेड़ी। अपर** पुलिस अधीक्षक उत्तरी के आदेश पर बहेड़ी थाना में नाबालिग लड़की के अश्लील फोटो वायरल करने और शिकायत करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप लगाया गया था कि जब इस मामले की शिकायत की गई तो वीरेंद्र कुमार सहित भाई दीपचंद पुत्र भगवानदास और शांति पाल पुत्र बालकराम ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

थाना बहेड़ी क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही वीरेंद्र कुमार (32) पुत्र भगवानदास ने उसकी 16 वर्षीय पुत्री के अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दिए। शिकायत मिलने के बाद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो लड़की के पिता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत का संज्ञान लेने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के आदेश पर पुलिस ने नाबालिग लड़की की अश्लील फोटो वायरल करने वाले आरोपी वीरेंद्र कुमार सहित दीपचंद और शांति पाल के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बस्ती के बीच लग रहे टावर को लेकर हंगामा

- शिकायत पर निर्माण कार्य रुका



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे में बस्ती के बीच लग रहे टावर को लेकर गुरुवार को बस्ती के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। इन नागरिकों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने टावर का निर्माण कार्य रुकवा दिया।

कस्बे में पुराना ब्लॉक में बस्ती के बीचो बीच एक कम्पनी का टावर लगाया जा रहा है, आज ठेकेदार द्वारा प्लाट पर लगे फाटक को बन्द कर अन्दर ही अन्दर टावर खड़ा करने के लिए भूमि में एक विशाल गड्ढा खोदा जा रहा था, गड्ढा खोदने के लिए आधा दर्जन से अधिक मजदूरों को जुटाया गया था, जैसे ही बस्ती के जितेन्द्र कुमार के साथ ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने वहां पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। इसके साथ ही बस्ती के लोगों ने एसडीएम उदित पवार के साथ ही आला अधिकारियों के अलावा डायल 112 को इसकी जानकारी दी, जिसपर पहुंची पुलिस ने टावर के निर्माण कार्य को रुकवा दिया। पुलिस ने टावर लगा रहे कर्मी को शिकायतकर्ता बस्ती के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार से भी इस मामले की शिकायत करते हुए टावर को बस्ती में न लगाए जाने की मांग की है।

# नेशनल हाईवे पर हादसे रोकने को प्रशासन सख्त

- हाईवे पर सुरक्षा बढ़ी, रबर स्ट्रिप व संकेत पट्टियों से हादसों पर लगाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** शासन द्वारा हाईवे व अन्य सड़कों पर दुर्घटनाएं शून्य करने के निर्देश दिए जाने के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शासन के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों एवं एनएचएआई की संयुक्त टीम ने झुमका चौराहा से रामपुर बॉर्डर तक हाईवे का निरीक्षण कर दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित किया था। प्रशासन के निर्देश पर एनएचएआई ने नल नगरिया चौराहा पर गूला की ओर से आने वाली बाइकों के निकलने के रास्ते को अवरोधक लगाकर पूरी तरह बंद कर दिया है। वहीं मीरगंज में एक्सीडेंट जोन बने सिंधौली चौराहा के कट पर दोनों लेन में सफेद रंग की रबर स्ट्रिप लगाई गई हैं, तथा सड़क संकेत पट्टियां लगाकर रोड की स्पष्ट मार्किंग की गई है।



यह संकेत पट्टियां वाहन चालकों को कट और मोड़ की जानकारी देकर गति कम करने का संकेत देती हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

इधर मीरगंज थाने के ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक श्रीपाल यादव सिंधौली चौराहा पर गलत दिशा में चलने वाले वाहनों के लगातार चालान कर रहे हैं। किए गए चालानों की रिपोर्ट प्रतिदिन उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि उनकी मौजूदगी में ही एनएचएआई से दोनों ओर सफेद पट्टियां व रबर स्ट्रिप लगवाई गई हैं, ताकि हादसों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# अनुबिस डिग्री कॉलेज में पुलिस ने किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अनुबिस डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मीरगंज थाने के ट्रैफिक प्रभारी श्रीपाल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हाईवे पर वाहन कभी भी गलत दिशा में न चलाएं, चाहे दूरी कितनी ही कम क्यों न हो। वाहन हमेशा सही दिशा में ही चलाना चाहिए। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि इससे जान-माल की सुरक्षा होती है। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि परिवार में 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी सदस्य को वाहन न चलाने दें। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रीति मल्होत्रा, ताराचंद, डॉ. शोभाना सक्सेना, गयाराम, राजेश पाल एवं नीलम शर्मा सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर रामायण पाठ संपन्न

- खीर के भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** मनकरा गांव स्थित पीपल वाले शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित रामायण के अखंड पाठ का गुरुवार को विधिवत हवन-पूजन एवं आरती के साथ समापन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिरस में डूबा रहा और जय श्रीराम व हर-हर महादेव के उद्घोष गूंजते रहे। अखंड रामायण पाठ में आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कथा वाचन के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भक्ति भाव का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए खीर का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में राजेंद्र गंगवार, जयदेव गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार, विशाल गंगवार, टिंकू गंगवार, रामाधार दिवाकर, काशीराम मौर्य, सुखदेव गंगवार एवं भूकन लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों व भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

- फार्म-6 ऑनलाइन करने, विशेष अभियान तेज करने और जिले से बाहर न जाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 124-बरेली शहर के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।




बैठक के दौरान उन बूथों की समीक्षा की गई, जहां फार्म-6 की संख्या कम प्राप्त हुई थी। जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजरों को नव युवाओं के अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाने के लिए प्रेरित करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नोटिस की सुनवाई का कार्यक्रम चल रहा है, इस अवधि में कोई भी अधिकारी जिला नहीं छोड़ेगा। साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची का पुनः सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान गाड़ियों पर लाउडस्पीकर लगवाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा बूथों पर बैनर लगाए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों को अभियान की जानकारी मिल सके और वे अपने मतदाता पंजीकरण के लिए बूथों पर पहुंच सकें। जिलाधिकारी ने बीएलओ के पास लंबित सभी ऑफलाइन फार्म-6 को आज रात 12 बजे से पूर्व ऑनलाइन करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री सहित समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी माध्यामिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3588567 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई है।

**कु. बुशरा रहमान पुत्री मो. रिजवान निवासी-निकट सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कस्बा व तहसील बहेड़ी (बरेली)**

# भूमि विकास बैंक मीरगंज की कमान होरीलाल गंगवार के हाथ



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक की मीरगंज शाखा के अध्यक्ष पद के चुनाव में वरिष्ठ भाजपा नेता होरीलाल गंगवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। गुरुवार को निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन्हें विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर ब्लॉक परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी, भगवान सिंह, गन्ना समिति के डायरेक्टर रमेश कुर्मी, प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू कुर्मी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. महीपाल गंगवार, भानु प्रताप गंगवार, गजेंद्र सिंह गंगवार, राजू भारती, ओमपाल गंगवार एवं भगवान सिंह एडवोकेट, के पी राना समेत बड़ी संख्या में समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए होरीलाल गंगवार ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे बैंक से जुड़े किसानों और खाताधारकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा बैंक की कार्य प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। इसके पश्चात होरीलाल गंगवार समर्थकों के साथ गाड़ियों के काफिले में अपने पैतृक गांव दियोसास पहुंचे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। गांव में जश्न का माहौल रहा और लोगों ने निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर खुशी व्यक्त की।

# सड़क सुरक्षा को चलाया जागरूकता अभियान

- मॉडिफाइड साइलेंसर व नो-पार्किंग पर कार्रवाई, स्कूलों में बच्चों को सड़क सुरक्षा का पाठ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विशेष प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में अवैध एवं अनधिकृत रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध विशेष कार्रवाई की गई, जिसमें दो दोपहिया वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई।

इसके साथ ही सार्वजनिक मार्गों एवं नो-पार्किंग क्षेत्रों में खड़े पाए गए 41 वाहनों के विरुद्ध नो-पार्किंग के अभियोग में चालान किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाया जा सके। अभियान के दौरान वाहनों की नियमित जांच के साथ वाहन चालकों



को यातायात नियमों के पालन, किसी भी प्रकार के अवैध मॉडिफिकेशन से बचने तथा निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने के संबंध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यात्री/मालकर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति द्वारा गुरुवार को बदायूं रोड स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में प्रातःकालीन सभा के दौरान छात्रखछात्राओं से सड़क सुरक्षा विषय पर संवाद किया गया। इस दौरान बच्चों को "शिक्षित ही नहीं, सुरक्षित भी" विषय पर जागरूक करते हुए उन्हें परिवहन एवं यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में सीट बेल्ट एवं हेलमेट की सड़क सुरक्षा में उपयोगिता और महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया गया कि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी शासन के निर्देशों के अनुरूप विद्यालय आने-जाने के दौरान सीट बेल्ट एवं हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

अभियान के दौरान एक विद्यालय वाहन को बिना वैध परमिट के संचालित पाए जाने पर उसके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई तथा संबंधित विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना वैध परमिट, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों के किसी भी स्थिति में विद्यालय वाहन का संचालन न किया जाए।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके और जनपद में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# इज्जतनगर स्टेशन पर वंदे मातरम की गूंज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में वर्षभर चल रहे राष्ट्रव्यापी उत्सव के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महानिदेशक (रेल सुरक्षा बल), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के दिशा-निर्देश पर इज्जतनगर रेलवे स्टेशन परिसर में भावपूर्ण आयोजन किया गया।

मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में रेल सुरक्षा बल गोरखपुर की 12 सदस्यीय बैंड टीम ने वंदे मातरम की धुन पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति के दौरान स्टेशन परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

## हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# झोलाछाप का अवैध क्लीनिक सील

## स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का उठाया जा रहा फायदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर छापा मारकर उसे सील कर दिया। झोलाछाप का क्लीनिक सील होने से हड़कंप मच गया। झोलाछाप डॉक्टरों को जैसे ही नोडल अधिकारी के आने की खबर मिली, तो ज्यादातर अपने-अपने क्लीनिक बंद रूफू चक्कर हो गए। नोडल अधिकारी की इस कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रहमान चौक खंदक निवासी डॉ. दिलशाद का क्लीनिक है। शिकायतकर्ता जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर सीएमओ इस झोलाछाप डॉक्टर की बार-बार शिकायत कर रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी द्वारा झोलाछाप डॉक्टर के कागजात दिखाने के लिए कहा गया, तो झोलाछाप डॉक्टर अपने कागजात दिखाने में आनाकानी करने लगा। कागजात न दिखा पाने पर नोडल अधिकारी ने झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील कर दिया। झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने झोलाछाप डॉक्टर दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की पुष्टि की है। सीएमओ का कहना है कि डिग्री न दिखाई जाने पर झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभियान चलाकर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में खलबली मची हुई है। कुछ झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर करोड़ों की संपत्ति के मालिक हो गए है। क्षेत्र में महिला झोलाझाप चिकित्सक भी मौजूद हैं, जो कुंवारी लड़कियों का गर्भपात भी करा रही हैं। इनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है। कई झोलाछाप चिकित्सक अपने बोर्ड पर बड़े डाक्टरों का नाम लिखवाकर आंखों में धूल झोंकने का काम करते है। इनका कहना है कि हमारा महीना बंधा हुआ है। जिसकी वजह से खिलाफ कार्यवाही नहीं हो सकती। सूत्रों का कहना है कि उनकी इस बात में दम लगता है। क्योंकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में झोलाझाप डॉक्टर खुलेआम क्लीनिक व नर्सिंग होम चला रहे हैं। फिर भी इनके खिलाफ न तो रिपोर्ट दर्ज होती है और न ही कलीनिक सील किया जाता है। अगर किसी जगह इनका विरोध होने लगता है, तो यह दूसरी जगह क्लीनिक खोल लेते है। इनके ज्यादातर क्लीनिक व नर्सिंग होम गली-मौहल्लों में होते हैं।

# कोबरा सांप का किया रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एएनएम सेंटर के पास वन कर्मियों व सर्प मित्र की टीम ने एक कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर सरकारी अस्पताल की आवासीय कॉलोनी में एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर व प्रयोगशाला बनी हुई है। बताया जाता है कि एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के पास एक कोबरा सर्प दिखाई दिया। सूचना पर वन विभाग की ओर से वनरक्षक राणा प्रताप सिंह व सर्प मित्र बी भास्कर की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि इसे हिंदी में नाग व इंग्लिश में कोबरा कहते हैं। पकड़े गए सर्प की लंबाई करीब 4 फिट है और यह जहरीले प्रजाति का होता है। कोबरा सर्प का रेस्क्यू होने के बाद एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं व कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली है। कोबरा सर्प का रेस्क्यू करने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

# इंटरनेशनल यूथ सैलिंग चैंपियनशिप में आर्यन हर्षयाना का शानदार प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम मुराहट के युवा नौकायन खिलाड़ी आर्यन हर्षयाना पुत्र विकल सिंह ने चेन्नई में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल यूथ सैलिंग चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

याचटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (याई) द्वारा आर्यन हर्षयाना को टीम खिलाड़ी और सूबेदार मनोज कुमार पुत्र दयाराम सिंह को टीम कोच के रूप में चयनित कर भारतीय नौकायन टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था। आर्यन ने इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 420 क्लास में भाग लिया। चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों, तेज हवाओं और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उन्होंने उच्च तकनीकी कौशल, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया, जिसकी सराहना आयोजन समिति, तकनीकी अधिकारियों और वरिष्ठ कोचों द्वारा की गई। आर्यन को इस चैंपियनशिप के लिए सूबेदार मनोज कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उनके रणनीतिक मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण ने आर्यन के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि न केवल आर्यन के लिए बल्कि उत्तर प्रदेश के उभरते नौकायन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है और राज्य में वाटर स्पोर्ट्स के विकास को नई दिशा देगी। ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए अपनी शुभकामनायें दी है।

# गांवों में अवैध कब्जा होने पर करें कार्रवाई : डीएम

## जंगली जानवरों के प्रवेश रोकने के फैंसिंग कार्य की प्रगति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों/निरीक्षणों /चौपालों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की तुलनात्मक सूची तैयार करें तथा उक्त ग्रामों में जिस विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, तत्काल स्थानीय ग्रामीणों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त गांव में जहां पर भी अवैध कब्जा पाया जाए, तत्काल कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए वहां खेल का मैदान, पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, सार्वजनिक शौचालय आदि आम लोगों के उपयोग के लिए निर्माण कार्य कराएं ताकि सभी ग्रामवासी लाभान्वित हो सके। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा से कराए जा रहे सभी कार्यों की सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सीमावर्ती सभी गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टंकियों का निर्माण कार्य पूरा कर पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में जंगली जानवरों के प्रवेश रोकने के फैंसिंग कार्य चल रहे हैं, की प्रगति की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं तथा जो गांव अवशेष रह गए हैं उनको भी यथाशीघ्र संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गांवों में अंत्येष्टि स्थल एवं पंचायत घरों का निर्माण कराएं और मानक के अनुरूप सभी विकास सुविधाओं से उक्त गांव को संतृप्त करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गांवों में बरात घर, सड़कों की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं आदि की शत प्रतिशत रूप से उपलब्धता को सुनिश्चित बनाएं और सभी शासकीय विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामवा. सियों को संतृप्त करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, जल निगम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया किया कि सभी गांवों में रोस्टर बना कर कैंपों का आयोजन करें और पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें शासकीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि सीमावर्ती सभी गांव विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकें।

इस अवसर पर परियोजना निद. ेशक डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, जिला विकस अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम

## जिला पंचायत सदस्य इमरान ने बोला हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य इमरान ने क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुना। अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समस्याओं का मौके पर ही हल कराने का प्रयास किया गया।

जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के हर ग्राम में बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया है और आगे भी बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें फिर से मौका दिया, तो क्षेत्र में जो काम अधुरे पड़े हैं, उनको भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनेगी। क्योंकि भाजपा सरकार में हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है।

भाजपा सरकार में माफिया व अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। चोर व बदमाश बेखौफ होकर घूम रहे हैं। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रदेश की जनता सपा सरकार को याद कर रही है। अब आने वाला वक्त सपा का है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों का प्रचार करने की अपील की।

इस मौके पर उस्मान अहमद, इरफान अहमद, फैजान अंसारी, शुऐब मलिक, जाहिद हुसैन, शाहिद अहमद आदि मौजूद थे।

# गाड़ी की टक्कर से बुग्गी चालक वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** गाड़ी की टक्कर में बुग्गी चालक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम रहमापुर निवासी रघुवीर (65 वर्ष) पुत्र बनवारी घोड़ा बुग्गी चलाते थे। रघुवीर आज सुबह नगीना की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बनवारीपुर स्थित भरत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने आए, वैसे ही पीछे से आ रही एक गाड़ी ने बुग्गी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बुग्गी पर बैठे रघुवीर सड़क पर आ गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस रघुवीर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले आई, जहां मौजूद चिकित्सक ने रघुवीर को मृत घोषित कर दिया। रघुवीर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली गाड़ी तथा चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मामले में तहरीर आई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रदेव की पत्नी का निधन

**नजीबाबाद।** आदर्शनगर निवासी वरिष्ठ गीताकर एवं सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रदेव भारती की धर्मपत्नी शिक्षिका एवं कवियत्री ज्योत्सना भारती का बुधवार की दोपहर देहांत हो गया। उनका गुरुवार को हरिद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्यकारों व मीडियाकर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रैली




**धामपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शासन के आदेशानुसार कन्या इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं द्वारा 'मतदान हमारा अधिकार है', 'पहले मतदान फिर जलपान' जैसे प्रेरक नारे लगाए गए, जिससे आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने बच्चों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। मतदाता जागरूकता रैली में छात्राएं हाथों में नारे लिखी तख्तियां लिए नारे लगाती हुई चल रही थीं। मतदाता जागरूकता रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर सुभाष चौक पहुंची वहां से नारे लगाती हुई कॉलेज में वापस आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं सविता रानी, कुमारी अंजली, नीरज, निधि, रुचिका, उषा, नीना एवं पुष्पा उपस्थित रहीं और छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## सीएम से लगाई न्याय की गुहार

**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर निवासी गुलनाज पुत्री स्व. छोटे ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत भेज कर उसके पति द्वारा उसे घर बुलाकर परिजनों के साथ मारपीट कर तीन तलाक देकर पुणे भागने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में कहा गया है कि थाना बढ़ापुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिससे उसने परेशान होकर थाना नजीबाबाद में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया। पत्र में कहा गया कि उसकी शादी 2021 में इंतजार पुत्र शकील निवासी ग्राम तारापुर, थाना बढ़ापुर के साथ हुई थी।

# बिजनौर में कांवड़ यात्रा की तैयारी तेज

## शांतिपूर्ण आयोजन के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर कैमरा लगाना तथा लगाए गए सभी कैमरों को एक्टिवेट भी करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि कैमरा कंट्रोल रूम की भी स्थापना करना सुनिश्चित करें तथा उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया की क्रियाशील स्थान पर सतत निगरानी रखी जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग के गड्ढे भरने और नगर निगम को कांवड़ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएंगे और एम्बुलेंस की 24X7 उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा शिविरों और ढाबों पर दी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और समस्त ढाबों की रेट लिस्ट को भी देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि गुलदार प्रभावी सभी क्षेत्रों में गुलदार एवं उससे बचाव के साइन बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से करना सुनिश्चित करें और आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने कार्यों को अंजाम दें।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूरे यात्रा मार्ग की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। अवैध पार्किंग पर सख्त कार्यवाही करें ताकि यातायात बाधित न हो। बैठक में कांवड़ मार्गों पर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन के माध्यम से निगरानी, मेडिकल कैंपों की स्थापना, एम्बुलेंस की उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा विद्युत सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्विक रिस्पांस टीम) सक्रिय रहें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा कौशलेंद्र सिंह, सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निकाय, परिवहन के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** वीर शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के पहुंचने पर जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद, सोमेंद्र तोमर व मुजम्मिल एवं उनकी टीम ने फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया। उद्घाटन मैच के बाद जिला अध्यक्ष ने विजेता टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (मैन ऑफ द मैच) को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन व टीम भावना पैदा करते हैं। अपना दल (एस) हमेशा युवाओं को उचित मंत्र प्रदान कर उनके नेतृत्व को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगामी युवा महोत्सव सांस्कृतिक सद्भाव सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

### टीबी मुक्त भारत के लिए रैली निकाली




**बिजनौर।** रेडियो संदेश बिजनौर की टीम ने राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बैनर तले स्वयंसेवकों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लिए एवं संचारी रोग निवारण के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया। विशाल रैली को समाजसेवी मुफ्ती आबिद रहमान साहब ने हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया। रैली के पूर्व रेडियो संदेश बिजनौर टीम के वरिष्ठ सदस्य सुनील भारद्वाज ने कहा कि टीम स्वाति वीरा महाजन के मार्गदर्शन में काम कर रही है। रेडियो संदेश बिजनौर की टीम के वरिष्ठ सदस्य अजय उपाध्याय ने कहा कि रेडियो संदेश की टीम जन-जन तक पहुंचकर टीबी, मलेरिया, काला ज्वर, हेपेटाइटिस रोग से संबंधित रोगों के लक्षणों को बेहतर इलाज के लिए आमजन को प्रेरित करती है। संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए टीम का निरंतर सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव, चंद्रहास सिंह, श्यामल मंडल, संग्राम सिंह, सारिका चौधरी, रुक्मेश कुमार, संतोष कुमार, सर्वजीत सिंह, उर्मिला देवी, संगीता देवी, सहाना, कविता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क जागरूकता के लिए पोस्टर चस्पा किए गए। इस कार्यक्रम द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक सन्नी कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में कराया गया। इस कार्य में राजेश श्रीवास्तव का भी सहयोग रहा।

### सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई



**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित लोकप्रिय इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में जागरूकता और सेवा भाव के साथ मनाया गया। समाजसेवी शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह व प्रधानाचार्य हरवीर सिंह ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए नशे की अवस्था में वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करे, दो पहिया वाहन पर हैलमेट व चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए, गलत ओवरटेक न करे, लाल-हरी बत्ती का पालन करें, मोड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा को जीवन से जोड़ने का संदेश दिया। उन्होंने मानव सेवा के भाव से सड़क दुर्घटनाओं में सभी से घायलों की मदद करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रशांत तोमर ने बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन वालों को हेलमेट लगाए। सभी ने सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाएं



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी की बैठक ग्राम सिंघा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि हमारी पार्टी शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए संघर्ष कर रही है और उनकी आवाज बनकर आज लोकसभा तक गूंज रही है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर राजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद जाकिर, मौहम्मद आरिफ, अफान अहमद, अलाउद्दीन उर्फ कल्लू भाई, ग्राम प्रधान नवाब खान, केशव, मोंटी, शाहिद आदि मौजूद रहे।

### आरबीडी में छह दिवसीय कार्यक्रम

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग एवं वर्धमान कॉलेज बिजनौर के अध्यापक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान एवं प्राचार्या प्रोफेसर पारूल त्यागी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित छात्राओं हेतु छह दिवसीय एड-ऑन कोर्स शिक्षण अधिगम में नवाचार विषय का चतुर्थ दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी, प्रवीण गुप्ता, डॉ. नज्मुनिसा सह समन्वयक एवं रिसोर्स पर्सन, डॉ. मंजू चौधरी, कार्यवाहक प्राचार्य समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू, कार्यक्रम समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में समस्त अतिथिगणों का स्वागत बैज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह दे कर किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सह समन्वयक डॉ. नज्मुनिसा द्वारा छात्राओं को असाइनमेंट कार्य दिया गया। जिसमें सभी छात्राओं को अपने आसपास की कुछ समस्याओं का चयन कर सूचीबद्ध कर विस्तार पूर्वक कार्य करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सारिका सिंह, डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. शीरीन, फातिमा, मुकुल पवार, श्रीमती रेनू कुमारी सिंह आदि का सफल योगदान रहा।

# बहन की शादी से पहले उठी भाई की अर्थी

## हरिद्वार से घर लौटते वक्त बुझ गया चिराग, बहन शादी में शामिल होने घर लौट रहा था भाई, हादसे में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बहन की शादी में शामिल होने के लिए हरिद्वार से घर आ रहे 27 वर्षीय लोकेंद की बुधवार दोपहर नजीबाबाद रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। उत्तराखंड डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी बाइक को रौंद दिया। अचानक हादसे में जवान बेटे की मौत की खबर ने शादी की तैयारियों में जुटे परिजनों में कोहराम मचा दिया। पोस्टमार्टम होकर गुरुवार शाम घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



मृतक लोकेंद्र थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कैंच निवासी किसान जगपाल सिंह का बेटा था। उनके परिवार में पत्नी क्रांति देवी के अलावा दो बेटे कमल व लोकेंद्र और एक बेटी लवली है। भाई-बहन में मंझला लोकेंद्र हरिद्वार में रह कर वहां शटरिंग का काम करता था। तीन साल पूर्व उसकी शादी गांव जुजैला निवासी आकांक्षा के साथ हुई थी। परिवार में एक डेढ़ साल का बेटा दक्ष है। बीती 19 दिसंबर को छुट्टी गुजारने के बाद वह हरिद्वार लौटा था। अब 4 फरवरी को बहन लवली की शादी होनी है। लिहाजा, शादी से जुडी तैयारियों को पूरा कराने के लिए लो. केंद्र बुधवार दोपहर हरिद्वार से घर लौट रहा था। परिजनों के मुताबिक हरिद्वार-नजीबाबाद रोड पर श्यामपुर थाना क्षेत्र में गांव कांगड़ी के पास उत्तराखंड डिपो की तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल हुए लो. केंद्र को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान कर पुलिस ने जब हादसे में मौत होने की सूचना दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की तैयारियों को लेकर छाई खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। रोते बिलखते परिजन तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम में घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। लो. केंद्र की मौत से मां क्रांति देवी, पत्नी आकांक्षा व बहन लवली का रोते-बिलखते बुरा हाल है।



# क्लेम के दो लाख अपने खाते में ट्रांसफर कराए

## पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। झांसे में लेकर मुरादाबाद और डिडौली के लोगों ने किसान की पत्नी की मौत के बाद मिलने वाले क्लेम के दो लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के मीरा सराय में नईम का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक उनकी पत्नी सहाना की मौत 22 अगस्त 2025 को हो गई थी। उनका बैंक में खाता खुला हुआ था और दो लाख रुपये का बीमा था। जिसमें खुद नईम नॉमिनी हैं। आरोप है कि इस बीच मुरादाबाद के हरथला के रहने वाला कुंवरपाल सिंह डिडौली के रहने वाले बंटी और जग्गा नंगला गांव के रहने वाले जितेंद्र भगत जी अमरोहा के मुख्य डाकघर में मिले और बोले कि हम तुम्हारे रुपये निकलवा देंगे। इस बीच बंटी ने कई बार फोन किया और अमरोहा डाकघर में बुलाकर अंगूठा लगवा लिए। बाद में आरो. पियों ने अपना मोबाइल नंबर लगवाकर क्लेम की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। पीड़ित नईम को क्लेम का कोई पैसा नहीं मिला। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने एसपी अमित कुमार आनंद से की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में कुंवरपाल सिंह, बंटी और जितेंद्र भगत जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

## दुर्घटना में दम्पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। बुधवार देर रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र में टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना संभल चौराहे के पास ओवरब्रिज पर हुई। क्षेत्र के गांव वास. ीपुर निवासी उदित चौधरी अपनी पत्नी आकांक्षा चौधरी के साथ मुरादाबाद से घर लौट रहे थे। अचानक टायर फटने के कारण उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पति-पत्नी को कार से बाहर निकाला। प्राथमिक सहायता के बाद दोनों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उदित चौधरी और आकांक्षा चौधरी दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है। वहीं, हादसे के कारण संभल चौराहे के पास कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवा कर यातायात को सुचारू करवाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि टायर फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी।हादसे में पति-पत्नी घायल हुए हैं जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

# हादसे में घायल पिता ने भी अस्पताल में तोड़ा दम

## टीएमयू में चल रहा था इलाज, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल पिता की भी मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। दिल्ली से मुरादाबाद जा रही तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पिता को गंभीर हालत में मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को उन्होंने भी दम तोड़ दिया।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी निवासी तसामुल हसन वर्तमान में जोया के मोहल्ला पधानो वाला में अपने भाई, पूर्व प्रधान मसूदुल हसन के घर के पास मकान बनाकर रहते थे। उनके परिवार में पत्नी शमा परवीन, चार बेटियां और 15 वर्षीय इकलौता बेटा एहतेशाम था, जो स्थानीय स्कूल में पढ़ता था। सोमवार सुबह तसामुल हसन अपने बेटे एहतेशाम के साथ बाइक से गांव नीलीखेड़ी जा रहे थे। डिडौली कस्बे में कैनरा बैंक के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र हवा में करीब दस फीट उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में एहतेशाम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तसामुल हसन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं अनियंत्रित कार डिवाइडर किनारे बिजली के पोल से टकराने के बाद पलटते हुए हाईवे की दूसरी लेन में जा गिरी। कार में सवार चार लोग हादसे के बाद मौके से फरार हो गए थे। घायल तसामुल हसन को पहले जोया सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल रेफर किया गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पिता-पुत्र की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही थी, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से कार हटवाकर सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फरार कार सवारों की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**जोया।** जिस पिता ने अपने बेटे का खून सड़क पर बिखरा देखा, वह खुद जिंदगी की जंग अस्पताल के बिस्तर पर हार गया। जिस घर से एक ही बाइक पर निकलते वक्त हंसी की आवाजें थीं, वहां अब दो जनाजे उठने की तैयारी है। पहले 15 साल का एहतेशाम मौत की नींद सो गया और अब मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में इलाज के दौरान पिता तसामुल हसन की भी सांसें थम गईं। एक तेज रफ्तार कार की एक टक्कर ने न सिर्फ दो जिंदगियां छीनीं, बल्कि एक मां से उसका सबकुछ और बहनों से उनके सिर का साया भी छीन लिया।

# दो शराब तस्करों को सात सात साल की कैद

## एक आरोपी साक्ष्य आभाव में बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अदालत ने दो शराब तस्करों को सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्य आभाव में एक आरोपी को बरी कर दिया।

साल 2014 का मामला नौगावां सादात थाने से जुड़ा था। पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगढ़ के रहने वाले देवराज, नन्हे और नौगावां सादात क्षेत्र के गांव कूड़ा माफी के रहने वाले सुरेंद्र और अर्जुन को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया था। बाद में चारों को जमानत पर जेल से रिहाई मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन थी। इस बीच आरोपी नन्हे की मौत हो गई। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर सुरेंद्र और अर्जुन को दोषी करार दिया। दोनों को सात-सात साल जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, आरा. ेपी देवराज को साक्ष्यों के आभाव में बरी कर दिया।

# परचून की दुकान से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक होटल और एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में पुलिस की गश्त को लेकर भारी रोष व्याप्त है। पहली घटना तीसरा मिल स्थित निशांत होटल की है। पीड़ित वेद प्रकाश पुत्र लेखराज निवासी फत्तेहपुर खादर ने बताया कि चोरों ने होटल की छत की सीलियां हटाकर अंदर प्रवेश किया। चोर होटल में रखा इनवर्टर-बैट्रा और गल्ले में रखी 23 हजार रुपए की नकदी समेट ले गए। सुबह जब पीड़ित ने होटल खोला, तो अस्त-व्यस्त सामान देख उनके होश उड़ गए। वही,चोरी की दूसरी वारदात भी तीसरा मिल के पास ही हुई। गांव डांके वाली निवासी दयाराम पुत्र चंद्रसेन यहाँ परचून का खोखा चलाते हैं। देर रात चोरों ने खोखे के ताले काटकर गल्ले में रखी 16 हजार रुपए की नकदी और करीब 20 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान पहुँचने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। दोनों पीड़ितों ने हसनपुर कोतवाली पहुँचकर पुलिस को तहरीर दे दी है। एक ही रात में हुई दो बड़ी चोरियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि चोरी की दोनों घटनाओं की तहरीर प्राप्त हुई है। अज्ञात चोरों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# रहरा में दुकान पर विवाद बना खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना क्षेत्र के गांव फुलपुर में रुपये के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक युवक की उंगली कट गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राहुल कुमार पुत्र खेमचंद के अनुसार 21 जनवरी की शाम गांव निवासी लाला राम उसके पिता से दुकान के बाहर गाली-गलौच कर रहा था। विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। शोर सुनकर पहुंचे राहुल को आरोपी लाला राम, राधे व धर्मवती ने घर में घुसकर पीटा। इसी दौरान लोहे की धारदार वस्तु से हमला किए जाने पर राहुल की दाहिने हाथ की उंगली का हिस्सा कट गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### धनौरा में निजी अस्पतालों की लापरवाही उजागर

# सील ओटी में ऑपरेशन बना मौत की वजह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। नगर में निजी अस्पतालों की मनमानी पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई बेअसर होती नजर आ रही है। ऑपरेशन थिएटर सील होने के बावजूद वहां सर्जरी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार को सील ओटी में किए गए ऑपरेशन के दौरान 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया। मामला गांव डींगरा निवासी मोनू सैनी की पत्नी काजल सैनी (26) से जुड़ा है। परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिए लेकर पहुंचे थे। ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। स्थिति संभलती न देख अस्पताल प्रबंधन ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया।



### सील ओटी में धड़ल्ले से सर्जरी

**मंडी धनौरा**। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस अस्पताल में ऑपरेशन किया गया, उसकी ऑपरेशन थिएटर को स्वास्थ्य विभाग पहले ही सील कर चुका था। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर वहां सर्जरी की जा रही थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि बिना पूरी जानकारी और सहमति के जोखिम भरा ऑपरेशन किया गया। हालत बिगड़ते ही जिम्मेदारी से बचने के लिए महिला को रेफर कर दिया गया।

### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले नवाबपुरा स्थित माधव नर्सिंग होम में जच्चा की मौत के बाद करीब एक दर्जन अवैध निजी अस्पतालों की ओटी सील की गई थीं। हाल ही में बिजनौर नर्सिंग होम में भी सील ओटी का ताला काटकर ऑपरेशन करने का मामला सामने आया था, जिसे पुलिस की मौजूदगी में दोबारा सील किया गया।

### मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**मंडी धनौरा**। सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरोहा भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि संबंधित अस्पताल की ओटी पहले से सील थी। उनकी तहरीर पर अस्पताल संचालक मनोज कुमार और मंजू के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने भी मुकदमे की पुष्टि की है। लगातार हो रही घटनाओं से स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब तक दोषी अस्पताल संचालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक मरीजों की जान से खिलवाड़ यूं ही जारी रहेगा।

# पूर्व सभासद के भाई की बाइक चालान काटने पर रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। बाइक से बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहे पूर्व सभासद के भाई की बाइक का चालान काटने से रोष है। पूर्व सभासद व भाजपा नेता ने इस घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही। बता दें कि नगर के मुहल्ला सुल्ताननगर निवासी पूर्व वार्ड सभासद मुकेश कुमार के भाई राकेश कुमार गुरूवार की सुबह बाइक से अपने बच्चे को कैम्पस पब्लिकस्कूल छोड़ने जा रहे थे। आरोप है कि उनकी बाइक का चालान काटा गया। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व सभासद मुकेश कुमार व भाजपा नेता अंकुर नागर ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत करने की बात कही। आरोप लगाया कि चौपला पर यातायात पुलिस जाम खोलने की बजाए चालान पर ध्यान देती है। उन्होंने एआरटीओ से फोन पर भी बात करके नाराजगी प्रकट की। वहीं भाजपा नेता अंकुर नागर ने आरोप लगाया कि चौपला पर व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व मजदूर वर्ग के चालान काटे जा रहे है, जिससे आम जनता को लोग रोजमर्रा की वस्तुएं लाने में भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से और सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर व क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा से करेंगे।

# युवती ने फांसी पर झूलकर दी जान, बिना कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी, हालांकि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने भी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है। जानकारी के अनुसार मामला थाना क्षेत्र से जुड़े एक गांव का बताया जा रहा है। गुरूवार को एक युवती कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली। परिजनों ने उसे नीचे उतारा मगर वह तब तक मृत हो चुकी थी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई, हालांकि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने भी इस प्रकार की किसी भी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

# भाषण में हारिस व मॉडल में योगेश रहे प्रथम

## गणित दिवस पर जेएस कालेज में प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिला विज्ञान क्लब की ओर आयोजित गणित दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण में मोहम्मद हारिस व मार्डल प्रतियोगिता में योगेश ने प्रथम स्थान हासिल किया।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज में में आयोजित प्रतियोगिता के भाषण में एकेके इंटर कालेज का हारिस प्रथम, कुमारी उरूज द्वितीय व कुमारी गुनगुन को तीसरा स्थान मिला। मार्डल प्रतियोगिता में योगेश कुमार प्रथम, अमन दूसरे व कुमारी साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. मोनिका ने कहा कि गणित और विज्ञान ऐसे विषय हैं जिन्हें छात्र दैनिक जीवन में सदा उपयोग करता है। हमें इन विषयों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना चाहिए, जिससे सामाजिक और बौद्धिक उद्धार होगा। प्रधानाचार्य डॉ जी पी सिंह ने कहा कि हमारे शिक्षकों को चाहिए की छात्राओं में गणित के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि उत्पन्न करें, जिससे कि विकसित समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य चारू शर्मा विज्ञान क्लब के सह समन्वयक राकेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद ,राज. ेश राजपूत, अरशद नवाज, अरशद फारूकी फखीर गजाली सुधीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




# हिन्दू समाज से संगठित होने का आह्वान

## विराट हिन्दू सम्मेलन में जुटे संत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। दा सेलिब्रेशन ग्रैंड बैंकट हॉल में गुरुवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों, विद्वान और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा समाज में समरसता और जागरूकता बढ़ाना रहा।




मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महंत डॉ. कर्णपुरी महाराज ने कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से है, जिसकी रक्षा के लिए समाज को संगठित रहना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से संस्कार और परंपराओं को अपनाने का आह्वान किया।मुख्य वक्ता कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की आचार्या डॉ. सुमेधा ने नारी सशक्तिकरण और शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित मातृशक्ति ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। वहीं मेरठ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक आनंद ने युवाओं से कुरीतियों को छोड़कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने की अपील की। सम्मेलन में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक प्रवचनों पर आधारित सत्र हुए। मातेश्वरी कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने गंगा मां की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में गंगा को स्वच्छ रखने और प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर साधु-संतों के साथ अनूप अग्रवाल, रीता त्यागी, हेमंत सारस्वत, अखिलेश भाटी, अंकित शर्मा, सूरज अग्रवाल, सत्येंद्र कुमार, अशोक उर्फ सोनू सैनी, रोहित आर्य, विपिन शर्मा, विवेक सिंह, राजीव, चौधरी क्षेत्रपाल सिंह, जयप्रकाश, हरचरण प्रधान, शुभम जालान, जितेंद्र चौधरी, अनुज त्रिवेदी, राजपाल सिंह प्रधान फाजलपुर, जंगबहादुर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

# चर्चित पायल हत्याकांडः इंसाफ की दहलीज पर पहुंचा मामला

**■ कोर्ट का बड़ा फैसला**
**6 आरोपी दोषी करार, 27 जनवरी को सजा का ऐलान**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर देने वाले चर्चित पायल हत्याकांड में आखिरकार न्याय की दिशा में बड़ा कदम उठ गया है। लंबे समय से अदालत में विचाराधीन इस सनसनीखेज मामले में न्यायालय ने सभी छह आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है, जबकि अब 27 जनवरी को सजा का अंतिम ऐलान किया जाएगा।

न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए गए आरो. पियों में जहांगीर, इमरोज, निसार, प्रभजीत उर्फ सागर, ताहिर और दानिश शामिल हैं। फैसले के बाद अदालत परिसर में सन्नाटा छा गया, वहीं पीड़ित पक्ष के चेहरों पर वर्षों बाद न्याय मिलने की उम्मीद साफ झलकने लगी।

बताया जाता है कि पायल हत्याकांड ने अपने समय में इलाके में दहशत फैला दी थी। इस नृशंस हत्या ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कड़ी मेहनत से जांच करते हुए पुख्ता साक्ष्य जुटाए और चार्जशीट दाखिल की।

अदालत में चली लंबी सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और सबूतों के जरिए आरोपियों की भूमिका को मजबूती से साबित किया। कोर्ट ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट माना कि हत्या पूर्व नियोजित थी और इसमें सभी आरोपियों की सक्रिय भूमिका रही।

फैसले के तुरंत बाद दोषी करार दिए गए सभी छह आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अब 27 जनवरी को अदालत यह तय करेगी कि दोषियों को कितनी और कैसी सजा दी जाएगी।

इस फैसले को न सिर्फ पायल के परिवार के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक मजबूत संदेश माना जा रहा है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और देर से ही सही, न्याय अवश्य मिलता है।

अब पूरे जिले की निगाहें 27 जनवरी पर टिकी हैं, जब अदालत इंसाफ पर अंतिम मुहर लगाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पेट्रोल पंप कर्मी की मौत पत्नी घायल, हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बृहस्पतिवार को लगभग दोपहर के लगभग 3रू30 बजे नेशनल हाईवे नगर के रौरा बाईपास के निकट ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति मुनीष कुमार की मौत हो गई। उसकी पत्नी अनीता गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा और परिजनों में मचा कोहराम बृहस्पतिवार को नेशनल हाईवे नगर के रौरा बाईपास के निकट रामपुर की तरफ से तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए पति-पत्नी मिलक से अपने गांव को जा रहे थे एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को



108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। घटना स्थल पर काफी दूर तक ट्रैफिक जाम हो गया पुलिस ने बड़ी मस्कत के बाद ट्रैफिक सुचारु कराया गया पुलिस ने ट्रक को अपने हिरासत में ले लिया और ट्रक चालक परिचालक फरार हो गए। घायलों की पहचान मुनीष पुत्र मंगलसेन उम्र लगभग 38 वर्ष पत्नी अनीता उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम फतेहपुर थाना शहजादनगर जनपद रामपुर डॉक्टर ने मुनीष को मृत घोषित कर दिया। पत्नी अनीता को बेहतर इलाज के लिए रामपुर रेफर कर दिया सूचना पर परिजन रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे परी. जनों ने बताया कि मुनीष के दो बच्चे हैं एक बेटी एक बेटा मुनीष मिलक के वसीरनगर में किराए के मकान पर रह रहे थे कोतवाली क्षेत्र के ऐजनखेड़ा गांव के निकट पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का कार्य करते थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामाभर शव पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक व महिला प्रकोष्ठ का संयुक्त कार्यक्रम, संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का संयुक्त कार्यक्रम जनपद मुरादाबाद के आजाद नगर किला पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी एडवोकेट शशी वाला विशेष रूप से मौजूद रहीं।




कार्यक्रम में रामपुर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हाफिज फैयाज हसन गुड्डू, नगर अध्यक्ष मंजू खान, जिला उपाध्यक्ष इदरीश अंसारी, रिजवान, मीडिया प्रभारी तराना बेगम, मंडल अध्यक्ष रविसा बेगम, मोहम्मद उमर, अनवर मलिक, कल्लू हाजी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव एवं रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल गरीब, मजदूर और किसानों की पार्टी है, जहां सभी वर्गों का मान-सम्मान किया जाता है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत करने का आ]वान किया।

समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष एडवोकेट शशी वाला ने एडवोकेट चांदनी खान को महिला प्रकोष्ठ मुरादाबाद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यक्रम को संभल जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हुसैन पाशा, प्रदेश महासचिव अनवर मलिक, रामपुर जिला अध्यक्ष फैयाज हसन, महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय महासचिव मनजीत कौर, मंडल अध्यक्ष तराना बेगम तथा वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय लोक दल सुरेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू ने की, जबकि संचालन रामपुर जिला अध्यक्ष हाफिज फैयाज हसन गुड्डू द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रीय लोक दल को मजबूती प्रदान करने की अपील की।

# हिंदू जगे, तो विश्व जगेगा, धर्म को बचाना है, तो कट्टर बन्ना होगाः साध्वी प्राची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** प्रखर हिन्दूवादी नेत्री डॉ। साध्वी प्राची ने काशीपुर बाजपुर मार्ग स्थित निकट राधिका मैरिज हॉल के बराबर मैदान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि जब जब हिंदू जगा है, तब समाधान हुआ है, लेकिन जब बटा है तो कटा है, इसलिए एकत्र रहना हमारी सबसे बड़ी मजबूती है।




हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने कहा कि हमारी बहन-बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही हैं, इसलिए हर हिंदू के घर में गीता रामायण होनी चाहिए और बच्चों को पढ़ाएं। कहा कि जब हम पांच एक साथ होंगे तो मजबूती मिलेगी, बिखर गए तो टूट जाओगे। जैसे हिंदू एक जुट हुआ तो अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन गया। 500 वर्षों की तपस्या त्याग और संघर्ष का फल हम सबको राम मंदिर के रूप में मिला है हम सभी को राम मंदिर के दर्शन भी अवश्य करने चाहिए। हमें अपने धर्म को बचाना है तो कट्टर बनना होगा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के संपर्क प्रमुख विजय गोयल ने कहा कि परिवार को बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए तथा जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ आदि मौका पर वृक्षारोपण करने का काम करना चाहिए और उनको संरक्षित भी करना चाहिए तथा हमें पानी का भी सदुपयोग करना चाहिए परिवार में बच्चों को संस्कार देने चाहिए। कार्यक्रम से पूर्व मंच पर भारत माता के चित्र के समक्ष साध्वी प्राची द्वारा दीप प्रचलित किया गया तथा कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा फौजियों की ड्रेस में तथा सरस्वती वंदना द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रघुवीर सिंह आर्य द्वारा की गई।

कार्यक्रम के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन, विजय गोयल जिला प्रचारक प्रमोद, रवि, गोपीचंद, महेंद्र कुमार नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल, निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य, दीप गोयल, डॉ। महेश मौर्य, विनय गुप्ता, संजीव कुमार वर्मा, महेंद्र मौर्य, परमिंदर मौर्य, बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, अर्जुन गुप्ता, विकास देवल तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने स्वार व्यापार मंडल से वार्ता की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को व्यापार मंडल के मेन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी और युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पप्पू खान, शाहिद, प्रवीण गुर्जर तशरीफ लाए। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण से मुलाकात की और आने वाली 26 जनवरी को व्यापार मंडल के राष्ट्रीय कार्यालय तिलक कॉलोनी रामपुर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।




व्यापारियों से आहवान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामपुर के मेन कार्यालय पर पहुंचे और तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं संदीप अग्रवाल सोनी ने सभी पदाधिक. ारीगण से पुरखुलूस गुजारिश की ज्यादा से ज्यादा संख्या में व्यापारी भाइयों को 26 जनवरी को रामपुर के मेन कार्यालय पर लेकर आए और तिरंगा यात्रा की शोभा बढ़ाएं। इस मौके पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव औतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, गुड्डू अली, फुरकान अली, अजीज मियां, सब्बू, गुड्डू हाफिज, हाशिम शान, शकील सलमानी, दानिश अंसारी, इरफान अली और समस्त पदाधिक. ारी और रामपुर से आए हुए मेहमान आदि मौजूद रहे।

# एक वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बुधवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 नफर वारंटी अभियुक्त अजय कुमार पुत्र टीकम सिंह निवासी चंदेल थाना बिलासपुर जनपद रामपुर को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक नीरज कुमार, थाना मिलक खानम हैड कांस्टेबल सतपाल सिंह थाना मिलक खानम आदि मौजूद रहे।

# सैफनी थाना क्षेत्र में युवक पर धारदार हथियारों से हमला, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया है।

पीड़ित सरफराज पुत्र शराफत, निवासी बिचपुरी चौराहा मतपुरी, ने सैफनी थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने घर से बाहर निकल रहा था। इसी दौरान पुरानी जमीनी विवाद को लेकर शकील और गुलफान पुत्रगण कल्लू तथा दिलशाद पुत्र बछ्छू, निवासी मतपुरी, पहले से ही एक हेयर सैलून की दुकान में घात लगाए बैठे थे।

आरोप है कि आरोपियों ने सरफराज को जबरन दुकान के अंदर खींच लिया और उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह सरफराज अपनी जान बचाकर मौके से भागने में सफल रहा।घटना के बाद घायल सरफराज सैफनी थाने



पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल उसे मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेजा, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बार वेलफेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बार संरक्षक ने दिलाई शपथ

**■ विधायक शफीक अंसारी भी शपथ समारोह में शामिल हुए**
**■ विधायक ने की लायब्रेरी के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा**

**स्वार।** बार वेलफेयर एसोसिएशन के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ जहां बार के वार्षिक चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

शपथ समारोह में विधायक शफीक अहमद अंसारी भी शामिल हुए। उन्होंने लायब्रेरी के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष पद के लिए राशिद अली गौस एडवोकेट, सचिव पद के लिए नौशाद आलम एडवोकेट के साथ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद जुनैद एडवोकेट कोषाध्यक्ष पद पर फरीद अहमद एडवोकेट, संयुक्त सचिव लईक अहमद एडवोकेट व मोहम्मद दानिश एडवोकेट, मीडिया प्रभारी अफसर अली एडवोकेट को पद एवं गोप. नीयता की शपथ बार संरक्षक ताहिर



हसन खां द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम में मौजूद वकीलों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष राशिद अली गौस ने कहा कि वकीलों और वादकारियों के हितों की सुरक्षा के लिए बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर व्यवस्थित और सुचारु ढंग से कार्य किए जाएगें।इस मौके पर बार संरक्षक ताहिर हसन खां, एल्डर कमेटी के चेयरमेन पंकज कुमार जोशी, चुनाव अधिकारी राशिद खां, उपजिलाधिक. ारी अमन देओल, तहसीलदार आक. ाश संत, ताहिर हसन खां, इरशाद अहमद, एम जहूर खां, शकील अहमद, दिलीप कुमार अरोरा, अमर पाल सिंह राणा, राजेन्द्र नाथ गोस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह संधू, सचिव नदीम अहमद, पूर्व अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, राशिद खान, मोहम्मद जुनैद,रेहान सईद खां, मोहम्मद आसिफ, सलीम अहमद, अब्दुल खालिद, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद आरिफ, इरफान अहमद, आदिल अहमद वकील मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार गोविंदराम शर्मा का बीमारी के चलते निधन

**देवबन्द।** वरिष्ठ पत्रकार गो. विंदराम शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह पिछले कई वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित थे। उनके निधन पर पत्रकारों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने दुख जताया है। आबकारी मार्ग निवासी गोविंद. राम शर्मा ने विभिन्न समाचारों पत्रों में लंबे समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपनी लेखनी से गरीबों के हकों की लड़ाई लड़ी और उन्हें उनका हक दिलाया। वह कई वर्षों से बीमार थे और घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। बृहस्पतिवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर से उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया। पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, पूर्व विधायक माविया अली, पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल, राजेश गुप्ता समेत पत्रकार मुमताज अहमद, अथर उस्मानी, समीर चौधरी, राज. कुमार जाटव, ओमवीर सिंह आदि ने दुख जताया।

# विराट हिंदू सम्मेलन में डी.जे. की धुन पर शोभायात्रा निकालकर शामिल हुए सैकड़ों युवा



**( मो.फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स सवाददाता**

**मसवासी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर नगर में जगह-जगह धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राम भक्तों ने डीजे पर जम कर नृत्य किया 22 जनवरी 2026 को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में उत्सव जैसा नजारा रहा आदर्श नगर पंचायत मसवासी के न्यू वर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य द्वारा सैकड़ो युवाओं के साथ नगर में श्री राम शोभायात्रा निकाली गई पूरे नगर में यात्रा निकालकर नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए कार्यक्रम के पश्चात सभी डी.जे. की धुन के साथ नगर में डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए मुख्य बाजारों से होते हुए नगर के मोहल्ला भूवरा के शिव मंदिर पर जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ पूरे नगर में घर-घर दीप जलाए गए तथा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आने को यात्रा निकाली गई तथा घर-घर दीप जलाए गए जिसमें सैकड़ो युवा शामिल रहे। इस मौके पर नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मोर्य , मयंक मौर्य, नरेंद्र मौर्य, कमल मौर्य ,विनोद मौर्य, विकास देवल, संजय मौर्य, विकास मौर्य ,अनिरुद्ध मौर्य, जसवंत मौर्य, पवन मौर्य ,आकाश मौर्य आदि सैकड़ो की संख्या में युवा शामिल रहे।

# रामपुर में राम मंदिर वर्षगांठ पर पूजा-अर्चना



**■ प्रसाद वितरण से भक्तिमय हुआ वातावरण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अयोध्या में प्रभु राम मंदिर की वर्षगांठ के पावन अवसर पर सी।आर।पी।एफ। रोड, ज्वालानगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभु राम की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्रसाद स्वरूप हलवा का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। प्रभु राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को आपसी सद्भाव, श्रद्धा एवं सेवा भावना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष त्रिभुवन पंडित सहित रोहि. हत, संदीप, योगेश कुमार, सौरभ, राजेंद्र पंडित, शिवम, अंकित, दीपक, पारस, अमित एवं अन्य समस्त श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

**उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के निर्णय अब हिन्दी में उपलब्ध**

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को कुलदीप सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामपुर द्वारा जानकारी दी गई कि अब मा. उच्चतम न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय के अंग्रेजी निर्णय हिन्दी भाषा में भी उपलब्ध कराए गए हैं। आमजन इन अनुवादित निर्णयों को माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट https://www2.allahabadhighcourt.in पर "निर्णय" पत्रिका (ई-जर्नल) के माध्यम से देख सकते हैं। उक्त अनुवादित निर्णयों का लिंक जनपद न्यायालय, रामपुर की वेबसाइट https://rampur.dcourts.gov.in पर भी उपलब्ध है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.01 के अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जनपद न्यायालय, रामपुर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के वादकारियों से अपील की कि वे अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर के कार्यालय से संपर्क कर राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं एवं अभियान को सफल बनाएं।

# शिक्षा के बिना कोई समाज तरक्की नहीं कर सकताः कारी इस्हाक गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक और प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुसलमानों की तालीम से बढ़ती दूरी पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर और देव. बंद इल्म और तालीम के बड़े मरकज (केंद्र) माने जाते हैं, लेकिन वर्तमान हालात इस पहचान पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि मुस्लिम मोहल्लों में जहां किताबों की दुकानें, इल्मी माहौल और तालीमी रौनक दिखाई देती हैं, वहां अब तेजी से खाने-पीने के होटल और अन्य कारोबारी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें कारोबार से कोई आपत्ति नहीं, लेकिन जब तिजारत (व्यापार) तालीम की जगह लेने लगे तो यह एक खतरनाक रुझान बन जाता है। उन्होंने कहा कि देवबंद में दारुल उलूम के इर्द-गिर्द और सहारनपुर में कम्बोह के पुल पर रात-रात भर रौनके लगी रहती हैं। कोई होटल के बाहर चाय पीता नजर आता है, तो कोई टोली बनाकर घंटों बातें करता रहता है। कारी इस्हाक गोरा ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि अगर यही वक्त इल्म, किताब और तालीम के लिए लगाया जाता तो हालात कहीं बेहतर हो सकते थे। क्योंकि तालीम किसी भी कौम की बुनियादी पहचान होती है और मुसलमानों की तरक्की का रास्ता हमेशा इल्म से होकर गुजरता है।

# लैपटॉप चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद दिल्ली-एनसीआर के घरों, पीजी और अस्पतालों से लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह का बुधवार देर रात पर्दाफाश कर सरगना और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी के 17 लैपटॉप, दो तमंचे, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हुई। पुलिस ने गुरुवार दोपहर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार रात सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने सेक्टर-27 की ओर चढ़ने वाले एलिवेटेड रोड के पास से स्कूटी सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया।



तलाशी ली तो उनके पास से दो तमंचे, कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान दिल्ली के आदर्श नगर निवासी कमल सिंह उर्फ देव और पंजाब के जिला अमृतसर के तरनतारन गांव निवासी दुष्यंत चौपड़ा उर्फ बोनी के रूप में हुई। पूछताछ करने पर पता चला कि वे दिल्ली-एनसीआर के घरों, पीजी और अस्पतालों से कीमती सामान चोरी करते हैं। आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थान से चोरी किए 17 लैपटॉप बरामद हुए। कमल सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में सेक्टर-45 स्थित तपस्या नशा मुक्ति केंद्र में नौकरी करता है, जबकि दुष्यंत चौपड़ा ने बताया कि वह सेक्टर-45 स्थित शांति भवन में किराये पर रहता है। दोनों आपस में दोस्त हैं और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। कैमरे में कैद हुई थी तस्वीर पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद एक लैपटॉप के मालिक की पहचान कर ली है। आरोपियों ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी मीना बख्शी का लैपटॉप सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल 12 दिसंबर की रात करीब 12:30 बजे चोरी किया था। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की तस्वीर कैद हो गई थी। वहीं, गोरखपुर के दरशनवा बाबा टोल निवासी विरेंद्र कुमार यादव का लैपटॉप समेत बैग 25 नवंबर को सेक्टर-27 स्थित इंदिरा मार्केट से चोरी किया था। बैग में लैपटॉप के अलावा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रथे। उसमें से पीड़ित का आधार कार्ड बरामद हुआ।

**शौक पूरा करने के लिए करते थे वारदात:** पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे चोरी की वारदातें अपना शौक पूरा करने के लिए करते थे। जांच में पुलिस को पता चला कि कमल सिंह के खिलाफ नोएडा और दिल्ली के थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं, जबकि दुष्यंत चौपड़ा उर्फ बोनी के खिलाफ दिल्ली नोएडा में नौ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं।

# ग्रेनो में मुख्य सड़कों के किनारे स्थित नालियों को जल्द ढका जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मुख्य सड़कों के किनारे जगह-जगह पर खुली नालियों से हादसे का खतरा बढ़ गया है। पूर्व में कई मवेशियों की इसमें गिरकर मौत हो चुकी है। नोएडा में बिल्डर की निर्माणाधीन साइट पर बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के बाद हरकत में आया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नालियों को ढकने का काम जल्द शुरू करेगा।

इसकी निविदा पूर्व में जारी की जा चुकी है। प्राधिकरण ने एहतियात के तौर पर गड्ढों, खुली नालियों, नालों पर बने पुल आदि दुर्घटना संभावित जगहों को चिन्हित कर वहां पर बैरिकेटिंग, दीवार पर पेंट, रेफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर आदि सुरक्षा के प्राथमिक उपाय कर दिए हैं।

सेक्टर गामा-1 व बीटा-1 के बीच स्थित सड़क के किनारे, दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास आदि स्थानों पर नालियां टूटी हुई हैं। सेक्टर गामा-1 में ऑफिसर्स कालोनी के पास नाले पर बनी पुलिया की सुरक्षा दीवार की ऊंचाई काफी कम है। वर्षों पहले बनी इन नालियों की स्लैब जगह- जगह पर टूट गई है। ऐसे में नालियां खुली होने की वजह से हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है। अधिकारी के मुताबिक खुली नालियों वाले स्थान को चिन्हित कर निविदा जारी कर दी गई है। सभी नालियों को ढकने की योजना बनाई है।

**इन सड़कों के किनारे स्थित नालियों को कवर किया जाएगा:** अधिकारी के मुताबिक सेक्टर जीटा स्थित ऐस प्लेटिनम सोसाइटी से एलजी चौक तक 60 मीटर चौड़ी सड़क, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क पर मकोड़ा गोलचक्कर से जगत फार्म तक और 130 मीटर सड़क पर जैतपुर- वैशपुर गोलचक्कर से सूरजपुर -कासना सड़क टी प्वाइंट तक के अलावा प्राधिकरण दफ्तर के समीप स्थित विप्रो गोलचक्कर, आईटीबीपी गोलचक्कर से सूरजपुर- कासना सड़क, आईटीबीपी गोलचक्कर से होली पब्लिक स्कूल से सूरजपुर- कासना सड़क और सेक्टर 36, 37 गोलचक्कर से इकोटेक एक्सटेंशन गोलचक्कर तक 60 मीटर और 80 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे नाली के ऊपर प्री कास्ट नाली का ढक्कन लगाया जाएगा।

शहर की इन मुख्य सड़कों के किनारे बनी नाली के खुले होने की वजह से गोवंश के गिरने की घटनाएं आए दिन प्रकाश में आती रहती हैं।

# इंजीनियर मौत मामले में दो और बिल्डर गिरफ्तार

**■ पुलिस ने अब तक तीन बिल्डरों को पकड़ा, दो फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और बिल्डरों को गिरफ्तार किया है। इनमें लॉट्स ग्रीन के बिल्डर रवि बंसल और सचिन कर्णवाल शामिल हैं।

इससे पहले, विश टाउन के बिल्डर अभय कुमार को भी गिरफ्तार किया जा चुका था। इस मामले में अब तक कुल तीन बिल्डरों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो अन्य बिल्डर अभी भी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।



पुलिस ने कल ही पांच बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। यह मुकदमा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, जल प्रदूषण और निवारण अधिनियम के साथ-साथ बीएनएस की धारा 290, 270 और 125 के तहत दर्ज किया गया था।

जिन बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, उनमें अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, अचल वोहरा और निर्मल कुमार शामिल हैं।

ये गिरफ्तारियां उन बिल्डरों की हुई हैं जिनके नाम जांच के दौरान प्रकाश में आए थे।

# कार डिवाइडर से टकराई, बैंककर्मी युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-71 अंडरपास के निकट बुधवार देर रात बैंककर्मियों की एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। घायलों को दिल्ली रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात करीब एक बजे हादसे की सूचना मिली। टीम मौके पर पहुंची तो बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने स्कोडा कार ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर जाने वाली सड़क पर पलटी हुई थी। हादसे में घायल दो युवती समेत तीन लोगों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवती को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, एक युवक और एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों को दिल्ली के अस्पताल में रेफर किया गया है। मृतका की पहचान बरेली के कोहाड़ापीर निवासी गुल्फिशा के रूप में हुई, जबकि घायल मुर्तजा अब्बास दिल्ली और अनुष्का चौधरी मथुरा के धौली प्याऊ के रहने वाले हैं। परिजन ने बताया कि तीनों दिल्ली स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में नौकरी करते हैं। पुलिस का कहना है कि घायल युवक और युवती से स्वास्थ्य में सुधार होने पर ही पूछताछ की जाएगी, ताकि हादसे की वजह और अन्य जरूरी जानकारियां मिल सके। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराकर अपने साथ ले गए हैं।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर को निवेश का झांसा देकर 78.60 लाख रुपये ठगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर से 78.60 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने पीड़िता को निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का प्रलोभन देकर फंसाया। पीड़िता की शिकायत पर साइबर अपराध थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-56 में रहने वाली नीरू मेहता ने पुलिस को बताया कि वह सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। उनके व्हाट्सऐप पर 16 नवंबर 2025 को रिया कपूर नाम की महिला के मोबाइल से एक संदेश आया। संदेश में शेयर बाजार में निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का प्रलोभन दिया गया था। संदेश के साथ एक लिंक भी था। उस पर क्लिक करने पर वह एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जुड़ गईं। ग्रुप में 104 सदस्य जुड़े थे। व्हाट्सऐप ग्रुप पर लोग निवेश करने और लाभ की जानकारी साझा कर रहे थे। उस ग्रुप को 22 जुलाई 2025 को बनाया गया था। उस ग्रुप का एडमिन सहायक प्रोफेसर गगन जोशी था। उसने चौटिंग के जरिये शेयर बाजार में निवेश करने के बारे में जानकारी दी। जालसाजों ने 27 नवंबर को नीरू को बताया कि निवेश करने के बाद होने वाले लाभ पर उन्हें सिर्फ 15 प्रतिशत सेवा शुक्ल देना होगा, जबकि लाभ 980 प्रतिशत होगा। रिया कपूर ने 10 दिसंबर को दिसंबर को उनके मोबाइल फोन में एक ऐप डाउनलोड कराकर खाता खोलने की जानकारी दी। इसके बाद से उन्होंने जालसाजों द्वारा दिए गए बैंक खाते से ट्रांजेक्शन करना शुरू कर दिया। सबसे पहले 10 दिसंबर को उन्होंने 70 हजार रुपये ट्रांसफर किए। पीड़िता ने 29 दिसंबर तक 23 बार में कुल 78 लाख 60 हजार 80 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। जालसाज रकम वापस मांगने के नाम पर 99 लाख और रकम मांगने लगे। इसके बाद नीरू ने आरोपियों ने संपर्क तोड़ लिया। तब जाकर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिन बैंक खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, उन्हें फ्रीज कराने की प्रक्रिया जारी है।

### मोबाइल फोन चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो आरोपियों को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान बिहार के जिला सरन के सर्सिया गांव निवासी सचिन और उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर के महमूदाबाद गांव निवासी हर्ष सिंह के रूप में हुई। दोनों आरोपी वर्तमान में बहलोलपुर गांव में किराये पर रहते हैं। दोनों आरोपियों के पास से चोरी की बाइक, तीन मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोगों के मोबाइल फोन चोरी करते थे। वे लोगों को डराने के लिए अपने पास चाकू रखते थे।

### युवती की हत्या कर शव जंगल में फेंका

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के मुतैना गांव के जंगल में गुरुवार को युवती का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों का कहना है कि युवती की हत्या कर शव जंगल में फेंका गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के माध्यम से जानकारी मिली कि मुतैना गांव के जंगल में नाले पर किसी युवती का शव पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि युवती की गर्दन के नीचे चोट के निशान थे। शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि बुधवार की देर रात किसी अज्ञात स्थान पर हत्या कर शव को फेंका गया। कपड़ों के आधार पर लग रहा है कि वह किसी सिक्योरिटी एजेंसी में काम करती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव को देखकर लग रहा है कि उसकी हत्या कर शव को फेंका गया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि युवती की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के लिए आसपास की थानों की पुलिस और सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चल सकेगा। शव की पहचान कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### एसीईओ प्रेरणा सिंह ने निर्माणाधीन एसटीपी व एमएसपीएस का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-1 में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और मास्टर सीवेज पंपिंग स्टेशन (एमएसपीएस) का जायजा लिया। एसीईओ दोनों परियोजनाओं का कार्य तेज करने और तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। करीब 71 करोड़ रुपये की लागत वाले एसटीपी का निर्माण कार्य चल रहा है। अब तक लगभग 40 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 6 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत वाले एमएसपीएस का निर्माण कार्य लगभग 3 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। हालांकि एसीईओ ने इन दोनों परियोजनाओं को तय समयावधि से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इन दोनों परियाजानओं को बनकर चालू होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर 1, 2, 3, 4, सेक्टर 16, 16बी 16सी, टेकजोन-4 व 7, इकोटेक 12, 14, 15, हैबतपुर, पतवारी, बिसरख, ऐमनाबाद, इटेहरा, छोटी मिलक, मिलक लच्छी, शाहबेरी, तिगड़ी आदि के सीवर को शोधित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा में फिलहाल चार एसटीपी बने हुए हैं।

# पुलिस आज एसआईटी को जांच रिपोर्ट सौंपेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में पुलिस ने घटना की जांच रिपोर्ट गुरुवार को तैयार कर ली। एसआईटी को शुक्रवार को इसे सौंपा जाएगा। एसआईटी को शनिवार तक अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजनी है। इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की है। इसमें घटना के समय से लेकर गड्ढे से कार को बाहर निकालने तक की जानकारी शामिल की गई है। पुलिस को किस समय, इस घटना की जानकारी मिली, सबसे पहले घटनास्थल पर कौन पहुंचा। पुलिस की पीआरवी, स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग की टीम कितने बजे पहुंची।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कितने बजे पहुंची।

इसके बाद कितने बजे शव बाहर निकाला गया। इंजीनियर को बचाने के लिए क्या प्रयास किए गए। इसके बाद कब को कार बाहर निकाला गया, यह पूरा विवरण जांच रिपोर्ट में शामिल किया गया है। इसके साथ ही इंजीनियर के पिता, सोसाइटी के लोगों और घटना के चश्मदीद के बयान दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच और कार की तकनीकी जांच रिपोर्ट भी साझा की गई है। पुलिस ने घटना से जुड़े वायरल वीडियो भी जांच रिपोर्ट में शामिल किए हैं। पुलिस ने इस मामले में कब एफआईआर की और कितने लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, इन सब का भी रिपोर्ट में जिक्र किया है।

# इंजीनियर युवराज का आखिरी वीडियो: 'ऐसे ही रह बेटा, गाड़ी बुलवाई है', सीढ़ी पर बैठ रेस्क्यू टीम देती रही निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 के पास हुए एक दुखद हादसे में फंसे सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में सामने आए नए वीडियो बचाव कार्य पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार रात को हुई इस घटना में, युवराज की कार भारी जलभराव वाले एक गड्ढे या अंडरपास में फंस गई थी, जिसके कारण कार पानी में डूब गई और उनकी मौत हो गई। एनडीआरएफ की टीम ने घटना के लगभग तीन दिन बाद कार को पानी से बाहर निकाला।

हाल ही में सामने आए एक वीडियो फुटेज में युवराज को जंगलनुमा इलाके में फंसे हुए देखा जा सकता है। वे दूर से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर मदद की गुहार लगाते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में यह भी स्पष्ट है कि वे अपनी लोकेशन बताने के लिए लगातार फोन की लाइट को हवा में घुमा रहे थे। वीडियो का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि बचाव दल के कुछ कर्मचारी पास ही सीढ़ी पर बैठे हुए दिखाई देते हैं, लेकिन वे सही रास्ता खोजने में उलझे हुए नजर आ रहे हैं। सीढ़ी पर बैठे होने के बावजूद, ऐसा प्रतीत होता है कि बचाव दल युवराज की सटीक दिशा को लेकर भ्रमित था और वे स्थिति को समझने और आगे की कार्रवाई तय करने में मशक्कत करते दिख रहे थे। इस वजह से बचाव कार्य में हुई देरी को लेकर अब यह एक बड़ा सवाल बन गया है कि आखिर मदद मिलने में इतना वक्त क्यों लगा।

**पिता ने बयां किया खौफनाक मंजर:** सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क सोसाइटी निवासी राजकुमार मेहता ने बताया कि करीब 12 बजे युवराज का फोन आया था। बेटे ने नाले में गिरने की बात कहकर बचाने की गुहार लगाई। पहले वे ऐस सिटी नाले के पास पहुंचे, लेकिन वहां नहीं मिला। लगभग 30 मिनट तक घटना स्थल को ढूंढते रहे। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उनका पुत्र कार की छत पर लेटा हुआ था। सड़क से करीब 70 फीट दूर वह पानी के बीच में था। इस दौरान उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुत्र बीच-बीच में बचाव की आवाज लगा रहा था। उन्होंने टार्च जलाकर अपने जिंदा होने का भी सबूत दिया।

**युवराज की मौत का कौन है आखिर जिम्मेदार?:** सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल के कर्मियों ने पहले रस्सी फेंककर बचाने का प्रयास किया, मगर रस्सी उस तक नहीं पहुंची। जो क्रेन बुलाई गई, वह भी उस तक नहीं पहुंच पाई, जिस कारण राहत बचाव कार्य में देरी हुई। मौके पर कोई गोताखोर भी नहीं पहुंचा। इस कारण वे अपनी आंखों के सामने ही बेटे को कार सहित डूबते हुए देख रहे थे। सफलता न मिलने पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवानों को बुलाया गया।

**युवराज की मौत से पहले भी हो चुका था हादसा:** कई घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद युवराज को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जिस जगह पर हादसा हुआ है, वहां पहले भी एक ट्रक कोहरे के कारण फंस चुका था, बावजूद इसके सबक नहीं लिया गया। जिस बेसमेंट में हादसा हुआ, वहां हमेशा पानी भरा रहता है। इस घटना से पहले ट्रक हादसे के बाद भी कोई प्रयास नहीं किया गया। घटना स्थल के पास नाला भी खुला हुआ है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने टीका मित्र वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवकांत द्विवेदी द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में टीका मित्र वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को टीकाकरण के महत्व, लाभ एवं समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करेगी।




टीका मित्र वैन के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि बीमारियों पर वार का सबसे प्रभावी माध्यम टीकाकरण है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से बच्चों के नियमित टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा। वैन पर प्रदर्शित संदेश के अनुसार 5 वर्ष की आयु तक 7 बार टीकाकरण अनिवार्य है और एक भी टीका छूटने पर बच्चों को गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है।

टीका मित्र वैन द्वारा दफ्तेरिया, टेटनस, काली खांसी, पोलियो, टीबी, खसरा, रूबेला, निमोनिया, गलाघोंटू सहित 12 जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए समयबद्ध टीकाकरण का संदेश दिया जाएगा। वैन पर टीकाकरण का आयु अनुसार कैलेंडर भी प्रदर्शित किया गया है, जिससे अभिभावकों को यह जानकारी मिल सके कि किस आयु में कौन सा टीका लगना आवश्यक है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सभी सरकारी नियमित टीकाकरण सत्रों पर निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है तथा टीकाकरण के उपरांत मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड अवश्य प्राप्त करें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आर. के. सिरोहा ने बताया कि जनसामान्य अपने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों का नियमित एवं पूर्ण टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे बच्चों को दफ्तेरिया, टेटनस, काली खांसी, पोलियो, टीबी, खसरा सहित अन्य गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि निर्धारित समय पर सभी टीके अवश्य लगवाएं, क्योंकि समय पर किया गया टीकाकरण बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है।

# ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन एसटीपी इस साल चालू हो जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निर्माणाधीन सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) इस साल चालू हो जाएगा। अब तक 45 फीसदी से अधिक काम हो चुका है। गुरुवार को प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सीवर विभाग की टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में यह दूसरा एसटीपी होगा।

इसका संचालन होने पर इलाके में सीवर को शोधित करने की समस्या दूर हो जाएगी। घरों से निकलने वाले दूषित जल को शोधित करने के लिए सेक्टर-एक में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक पर आधारित इस संयंत्र पर 80 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एसटीपी की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई गई है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परियोजना का 45 फीसदी से अधिक काम हो गया। एसटीपी के मुख्य पंपिंग स्टेशन का निर्माण कार्य भी 85 फीसदी से अधिक हो चुका। अधिकारी के मुताबिक, सिविल यानी निर्माण से संबंधित कार्य, संयंत्र लगाने और बिजली का कार्य पूर्ण कर अगले 6 से 7 माह में एसटीपी का संचालन शुरू करने का लक्ष्य है। कार्यदायी संस्था को एसटीपी बनाने के साथ संचालन और रखरखाव के लिए 10 वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। प्राधिकरण अगले 25 वर्षों की योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। इनमें से एक महत्वपूर्ण बिंदु स्वच्छता का भी है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर मजदूर घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिवार की ओर से पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई थी। खुर्जा निवासी 30 वर्षीय चरण सिंह दनकौर क्षेत्र स्थित ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था। वह मंगलवार को अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंटें लेकर एक व्यक्ति के यहां सप्लाई करने गया था।

काम पूरा होने के बाद सभी मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर वापस लौट रहे थे। वापसी में ट्रैक्टर यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से गुजर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से चरण सिंह ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे गिर गया।

उनको गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद साथी मजदूरों ने उसे तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर चोटों के चलते इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि चरण सिंह की शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल वाहनों पर परिवहन विभाग का सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद के समस्त विद्यालयों में विद्यालय वाहनों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जनपद के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे परिवहन से जुड़े सभी कानूनी एवं सुरक्षा मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित विद्यालय प्रबंधक अथवा प्रधानाचार्य के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस परिप्रेक्ष्य में समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि परिसर से संचालित




विद्यालय वाहनों के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्य की पूर्ण व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। सभी वाहनों के पास वैध परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी एवं चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त सभी विद्यालय वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, सीट बेल्ट एवं आपातकालीन निकास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चालक एवं परिचालक का पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण और अनिवार्य प्रशिक्षण कराना होगा। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला परिचालक की तैनाती भी अनिवार्य कर दी गई है।

प्रत्येक विद्यालयों में 'विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति' का गठन करते हुए उसकी मासिक बैठकें आयोजित कर उनके निर्णयों का अनुपालन करना होगा।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन अथवा किसी दुर्घटना या आपराधिक घटना की स्थिति में यदि विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही प्रमाणित होती है, तो संबंधित प्रबंधक/प्रधानाचार्य के विरुद्ध आपराधिक, प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की संस्तुति भी की जा सकती है।

# यमुना सिटी में संग्रहालय और योग केंद्र बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में डिजिटल संग्रहालय, योग और वेलनेस केंद्र विकसित करने की तैयारी है। परियोजनाओं के लिए स्थान का चयन किया जा रहा है। साथ ही सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। यमुना सिटी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। ऐसे में यहां लोग तेजी से भूखंड खरीद रहे हैं। अब तक करीब 30 हजार से अधिक आवासीय भूखंडों का आवंटन हो चुका है, जिनमें 11,00 से अधिक मकान बन चुके हैं। साथ ही, यहां की यमुना गौर सिटी और सेक्टर-22डी में काफी लोग फ्लैट में रहते हैं। लोगों की सुविधा के लिए अब शहर में डिजिटल संग्रहालय और योग और वेलनेस केंद्र स्थापित किए जाएंगे। संग्रहालय में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, कलात्मक और वैज्ञानिक धरोहरों को डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डॉमिनेटर्स को कड़े मुकाबले में रौंदा

**नोएडा, वार्ता।** हर्षिता मोर ने निर्णायक क्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र केसरी को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 9 में यूपी डॉमिनेटर्स पर रोमांचक 5-4 की जीत दिलाई। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैचडे सात के इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का शानदार फॉल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 बाउट जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वहीं, करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और बेहतर 16 बाउट जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 वर्ल्ड रेसलिग चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। यूपी डॉमिनेटर्स ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत की।

### अटल, रसूली की फिफ्टी की बदौलत अफगान ने जीती सीरीज

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान ने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में वेस्टइंडीज पर 39 रन की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। सेदिकुल्लाह अटल और दरवेश रसूल के अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसके बाद मुजीब उर रहमान ने चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को पावरप्ले में ही दोनों सलामी के आउट होने से झटका लगा। रहमानुल्लाह गुरबाज (एक) शमर जोसेफ का शिकार हो गए और जादरान (22) जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी।

# भारत में टी-20 विश्व कप नहीं खेलेगा बांग्लादेश

- **बीसीबी, बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच बैठक के बाद सामने आया फैसला**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलने का फैसला किया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच ढाका में गुरुवार को बैठक के बाद यह फैसला सामने आया है। वे भारत में विश्वकप मैच नहीं खेलना चाहते हैं और अपने कार्यक्रम को श्रीलंका में कराना चाहते है। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि हम श्रीलंका में खेलने की अपनी योजना के साथ आईसीसी के पास जाएंगे। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन एक वैश्विक संस्था सही में ऐसा नहीं कर सकती। आईसीसी 20 करोड़ लोगों को विश्वकप मैच देखने से वंचित करेगी। यह उनका अपना नुकसान है। आईसीसी श्रीलंका को सह मेजबान बता रहा है लेकिन वह सह मेजबान नहीं है। यह एक हाईब्रिड मॉडल है। मैंने आईसीसी बैठक में कुछ बातें सुनी थी जो चौंकाने वाली थीं। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा हम उम्मीद करते है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगा। हमारी सरकार ने भारत न जाने का यह फैसला किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश की भारत से उसके टी-20 विश्व कप मैच शिफ्ट करने की मांग कल खारिज कर दी थी। आईसीसी ने बीसीबी से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा था कि अगर बांग्लादेश टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से इनकार करता रहता है, तो टूर्नामेंट में उसकी जगह किसी दूसरी टीम को ले लिया जाएगा। इस फैसले के बाद वोटिग हुई, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीसीआई के आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के निर्देश के बाद बांग्लादेश ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए यह मांग की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लगातार सरकार की सुरक्षा चिताओं को ही अपना आधार बनाया है और भारत में खिलाड़ियों की जान को खतरा बताया है। बीसीबी ने कई दफा आईसीसी से गुजारिश की थी कि उनके मैचों का आयोजन श्रीलंका में कराया जाए। पिछले सप्ताह हुई बैठक के दौरान तो बांग्लादेशी बोर्ड ने एक अजीबोगरीब प्रस्ताव तक दे डाला। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश को ग्रुप-सी से निकाल. कर ग्रुप-बी में भेज दिया जाए और आयरलैंड की जगह उन्हें दे दी जाए, क्योंकि आयरलैंड को अपने ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने हैं। हालांकि, आईसीसी ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था और इससे पहले आए इसी तरह के अन्य सुझावों को भी कोई तवज्जो नहीं दी। भारत में नहीं खेलने से बांग्लादेश को वित्तीय नुकसान भी

## हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला: नजरुल



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया। कल, आईसीसी ने बांग्लादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया, और इसके बजाय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया।

आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बांग्लादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं।आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।

## तेंदुलकर ने सायना नेहवाल की विरासत की तारीफ की



- **कहा: भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल के कॉम्पिटिटिव बैडमिंटन से रिटायरमेंट के बाद उन्हें सम्मान देते हुए कहा कि भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है। एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, तेंदुलकर ने कहा कि प्रिय सायना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक बार में एक दिन, धैर्य, साहस और लगातार कोशिशों से बनती है।

उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 को भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और यह साबित करने का क्रेडिट दिया कि जब विश्वास, तैयारी के साथ मिल जाए, तो किसी भी खेल का रास्ता बदल सकता है। तेंदुलकर ने लिखाकि मेडल्स से परे, आपकी सबसे बड़ी विरासत वह प्रेरणा है जो आपने अनगिनत युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए दी है कि ग्लोबल सफलता संभव है। ष उन्होंने कोर्ट पर उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ कोर्ट के बाहर सायना के प्रभाव को भी रेखांकित किया। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा कि सायना के खेल के सफ़र का एक दौर खत्म हो गया है, जबकि दूसरा शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव, नजरिया और खेल के लिए प्यार नए खिलाड़ियों को गाइड करता रहेगा।



# भारत-न्यूजीलैंड का दूसरा मैच आज

- **भारत 2-0 की बढ़त बनाने के इरादे के साथ उतरेगा**
- **दूसरा टी-20 आज रायपुर में होगा**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के अभिषेक शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में 35 गेंदों में 84 रन बनाकर पहले से ही सुर्खियों में हैं, और सभी की निगाहें फिर से उन पर होंगी जब दोनों टीमें शुक्रवार को शाम 7:00 बजे शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भिड़ेंगी। भारत को हालांकि न्यूघीलैंड के पलटवार से सावधान रहना होगा जिसने वनडे सीरीज में पहला मैच हारने के बाद वापसी करते हुए अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। भारत ने नागपुर में सीरीज के पहले मैच में 48 रन से जीत हासिल की, और 238/7 का बड़ा स्कोर बनाया। अभिषेक की शानदार पारी, जिसमें आठ ऊंचे छक्के शामिल थे, ने लय बनाई, जबकि रिकू सिंह की 20 गेंदों में नाबाद 44 रन की पारी ने भारत को 230 के पार पहुंचाया।

सूर्यकुमार यादव (22 गेंदों में 32) और हार्दिक पांड्या (16 गेंदों में 25) ने अहम सपोर्ट दिया। बॉल से वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड को प्रेशर में रखा और उन्हें 190/7 पर रोक दिया। भारत रायपुर में अक्षर पटेल के बिना खेल सकता है, क्योंकि नागपुर में कैच-एंड-बॉलिग करते हुए उनकी उंगली में चोट लग गई थी। अगर भारत पेसर चुनता है तो उनकी जगह हर्षित राणा या अगर वे स्पिन-हैवी लाइनअप के साथ जाते हैं तो रवि बिश्नोई को लेने की उम्मीद है। 239 रन के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को टॉप पर संघर्ष करना पड़ा क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से वे तुरंत प्रेशर में आ गए। ग्लेन फिलिप्स ने 40 गेंदों पर शानदार 78 रन बनाकर काउंटर अटैक किया, जिसमें मार्क चैपमैन (39) और डेरिल मिशेल (28) ने उनका साथ दिया। काइल जैमीसन और जैकब डफी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि ईश सोढ़ी और मिशेल सेंटनर ने एक-एक विकेट लिया। हार के बावजूद, न्यूजीलैंड ने लड़ाई दिखाई और रायपुर में अपने टॉप-ऑर्डर की दिक्कतों और डेथ बॉलिग की चिताओं को दूर करने की कोशिश करेगा। टी-20 में आमने-सामने, भारत 26 मुकाबलों में न्यूजीलैंड से 13-10 से आगे है, जिसमें तीन मैच टाई रहे। हालिया फॉर्म भारत के पक्ष में है, जिसने अपने पिछले पांच टी-20 में से चार जीते हैं, जिसमें सीरीज का पहला मैच भी शामिल है। वहीं, न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच टी-20 में तीन जीत और दो हार दर्ज की हैं।

## गावस्कर ने भारत की टी-20 जीत में वरुण के आत्मविश्वास को सराहा

**नागपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने नागपुर में पहले टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के बाद वरुण चक्रवर्ती के शांत स्वभाव और बॉडी लैंग्वेज की तारीफ की, और कहा कि इस मिस्ट्री स्पिनर का बढ़ता कॉन्फिडेंस मेजबान टीम के लिए एक बड़ी पॉजिटिव बात थी। जियो स्टार पर बात करते हुए, गावस्कर ने माना कि वरुण थोड़े जंग खाए हुए लग रहे थे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझ में आता है। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने दो विकेट लिए, और जब बैट्समैन पूरी जान लगा देते हैं, तो इकॉनमी रेट भी काफी अच्छा था। जरूरी बात यह है कि उनकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी। गावस्कर ने बताया कि, अपने करियर के पहले के दौर के उलट, वरुण कुछ बाउंड्री लगने के बाद भी परेशान नहीं दिखे। उन्होंने आगे कहा कि अक्सर, जब वह कुछ रन के लिए आउट होता है, तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी उदास हो सकती है। ऐसा नहीं हुआ। वह सीधे मार्क की ओर वापस जा रहा था और इस बात से परेशान नहीं दिख रहा था कि उसे कुछ छक्के लगे थे, और यह हमेशा एक बहुत अच्छा संकेत होता है।

# नोवाक जोकोविच जीत के साथ तीसरे दौर में



- **रॉड लेवर एरिना में खेले गए मैच में जोकोविच ने एकल में 6-3, 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेलबर्न, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया। मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया। दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में, जोको. विच ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए। मास्ट्रेली ने देर से वापसी की कोशिश किया, लेकिन जोकोविच की सटीकता और निरंतरता निर्णायक साबित हुई, क्योंकि उन्होंने इतालवी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर जीत पूरी की। जोकोविच ने एक अनजान विरोधी के बारे में कहा कि आजकल मेरे साथ ऐसा अक्सर होता है।फिर भी, सम्मान हमेशा रहता है और मैं किसी को कम नहीं आंकता। उसके पास एक बड़ी सर्व है और बड़े स्टेज पर उसके पास अभी भी अनुभव की कमी है, लेकिन उसके पास गेम है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है और रैंकिग में ऊपर जा सकता है, इसलिए मैं उसे इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। जोकोविच तीसरे राउंड में नीदरलैंड के बोटिक से भिड़ेंगे। इस बीच चीन की वांग शिन्यू ने 24वीं सीड एलेना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई और महिला सिगल्स ड्रॉ के आखिरी 32 में पहुंचने वाली एकमात्र चीनी खिलाड़ी बन गईं। वांग एक सेट और एक ब्रेक से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए दो घंटे 20 मिनट में 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। दुनिया की नंबर 46 खिलाड़ी वांग, झेंग किनवेन के टूर्नामेंट से हटने के बाद मेलबर्न में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी हैं। वांग से काफी उम्मीदें हैं, जो ग्रैंड स्लैम में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ी हैं। उन्होंने ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना के खिलाफ अपने करियर के दूसरे फाइनल में उपविजेता रहने के बाद टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में प्रवेश किया था, और पहले राउंड में क्वालिफायर एंहेलिना पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन पूर्व नंबर 3 और 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन ओस्टापेंको ने 48 मिनट के कड़े मुक. ाबले वाले पहले सेट में बढ़त बनाई, और नेट पर बैकहैंड विनर लगाकर मैच पर पकड़ बना ली। दूसरे सेट में वांग काफी पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर स्कोर बराबर कर लिया।

## इगा लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे राउंड में



- **इगा स्वियाटेक ने महिलए एकल में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराया**

**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक गुरुवार को महिला एकल के मुकाबले में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगहा बना ली। वह लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे दौर में पहुंची हैं। यहां एक घंटा 19 मिनट तक चले मुकाबले में नंबर दो सीड स्वियाटेक ने बोजकोवा पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत से वह लगातार सातवें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गईं। इस नतीजे के साथ स्वियाटेक ओपन एरा में एक ही दशक के पहले 24 महिला एकल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में राउंड ऑफ 32 में पहुचने वाली पहली डब्ल्यूटीए टूर खिलाड़ी बन गईं।

मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि आज खेलना बहुत अच्छा लगा। निश्चित रूप से हालात भी आसान नहीं थे। मुझे नहीं पता कि आप लोगों को ऐसा महसूस हुआ या नहीं, लेकिन कोर्ट पर बहुत तेज हवा चल रही थी। मुझे उसके हिसाब से एडजस्ट करना पड़ा, और मैं परफॉर्मेंस से सच में बहुत खुश हूं। स्वियाटेक तीसरे राउंड में नंबर 31 सीड रूस की एना कालिस्काया का सामना करेंगी। इस बीच तीन अमेरिकी खिलाड़ियों ने आसान जीत के साथ तीसरे राउंड में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन मैडिसन कीज और नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला दोनों ने राउंड 2 में अपने ही देश की खिलाड़ियों को आसानी से हराया, जिसमें कुल मिलाकर सिर्फ आठ गेम हारे, जबकि नंबर 4 सीड अमांडा एनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पेगुला ने पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी कोको वांडेवेड़ो से कहा कि यह खराब था कि उन्हें न सिर्फ एक और अमे. रिकी खिलाड़ी, बल्कि अपनी डबल्स पार्टनर, वर्ल्ड नंबर 37 मैककार्टनी केसलर के खिलाफ खेलना पड़ा, 6-0, 6-2 से जीत के बाद। पेगुला, जिन्होंने पिछले साल ऑस्टिन, टेक्सास में डब्ल्यूटीए 250 के फाइनल में केसलर को हराया था, ने रॉड लेवर एरिना में सिर्फ 58 मिनट में जीत हासिल करने के रास्ते में पहले आठ गेम जीते।

# मुझे अपने चुनिंदा शॉट्स पर पूरा भरोसा है: अभिषेक

- **कहा: मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है**



**नागपुर, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विरु( पहले टी-20 मैच में 35 गें. दों में 84 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने कुछ चुनिदा शॉट्स पर ही पूरा भरोसा हैं। मैच के बाद अपनी रणनीति को लेकर अभिषेक ने कहा कि जब आप विपक्षी गेंदबाजो के वीडियो खंगालते हैं या अपनी बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हैं, तो आपको अंदाजा हो जाता है कि सामने वाली टीम क्या रणनीति बनाए और मुझे अपने रन कहां बनाने हैं। सच कहूं तो मैं अपने गिने-चुने शॉट्स पर ही यकीन करता हूं क्योंकि मेरे पास वैरायटी बहुत अधिक नहीं है। बस कुछ खास स्ट्रोक्स हैं जिनकी मैं जी-तोड़ अभ्यास करता हूं और मैदान पर उन्हें ही आजमाता हूं। उन्होंने अपनी तकनीक को लेकर कहा कि मैं अधिकतर पावर हिटिग का प्रयास नहीं करता क्योंकि मुझमें वैसी शारीरिक ताकत नहीं है। मेरी बल्लेबाजी मुख्य रूप से टाइमिग के भरोसे चलती है। मेरे लिए सबसे अहम यह है कि मैं गेंद की लाइन पर नजर रखूं और माहौल को समझूं। चूंकि हम फ़िलहाल पूरे भारत में अलग-अलग जगहों पर खेल रहे हैं, तो परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसके लिए मैं मैच से पूर्व या नेट अभ्यास के दौरान ही अपनी रणनीति तैयार कर लेता हूं। विपक्षी गेंदबाजी की अपनी योजना होती है, इसलिए मेरे जेहन में हमेशा यह रहता है कि मैं अपने खेल और अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा रखूं। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शैली पर कहा कि मैं इसे जोखिम भरा खेल नहीं मानता। हालांकि इसे 'कम्फर्ट जोन' कहना पूरी तरह सही नहीं होगा, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है। शुरुआती छह ओवरों का लाभ उठाना बेहद अहम है और मैं नेट्स पर भी इसी की तैयारी करता हूं। मेरे जेहन में यह बात स्पष्ट रहती है कि विपक्षी टीम के मुख्य गेंदबाज ही पारी के शुरुआती ओवर फेंकते हैं। अगर मैं पहले तीन-चार ओवरों में उन पर हावी हो जाऊं, तो मैच पर हमारी पकड़ मजबूत हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैंने एक चीज सीखी है कि यदि आप हर गेंद पर प्रहार करना चाहते हैं या 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का इरादा रखते हैं, तो वैसी ही मानसिकता और कड़ा अभ्यास जरूरी है।

# बीबीएल फाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे बाबर आजम

**सिडनी, वार्ता।** बाबर आजम बीबीएल फ़ाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे, सिडनी सिक्सर्स ने घोषणा की है कि उन्हें नेशनल टीम कैंप के लिए पाक लौटना होगा। सिक्सर्स ने गुरुवार को यह घोषणा की, एससीजी में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ अपने चैलेंजर फ़ाइनल से ठीक 24 घंटे पहले, जिसमें जीतने वाली टीम रविवार को पर्थ में बीबीएल फ़ाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ खेलेगी। बाबर शुरू में पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। ऑस्ट्रेलिया 29 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी-20 में पाक के साथ खेलेगा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सभी स्क्वाड सदस्य जो अभी भी बीबीएल में शामिल हैं, वे फ़ाइनल के बाद तक अपनी बीबीएल टीमों



- **बाबर शुरू से पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की सीरीज के लिए नहीं चुना गया**

के साथ रहेंगे, बाकी स्क्वाड 24 जनवरी को प्री-टूर कैंप के लिए यूएई के लिए उड़ान भरेगा। बयान में कहा गया हैकि सिडनी सिक्सर्स को आज सूचित किया गया है कि सिक्सर्स के ओपनर बाबर को आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की तैयारी शुरू होने के कारण अपने राष्ट्रीय टीम के साथियों के साथ कैंप में शामिल होने के लिए पाक लौटना होगा। नतीजतन, बाबर तुरंत ऑस्ट्रेलिया से रवाना होंगे और बीबीएल/15 फ़ाइनल सीरीज के बाकी मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। सिक्सर्स की जनरल मैनेजर ने पुष्टि की कि उन्होंने शुरू में बाबर के पूरा टूर्नामेंट खेलने की योजना बनाई थी हेन्स ने एक बयान में कहा कि सिडनी सिक्सर्स बाबर को ऑस्ट्रेलिया में अपने समय के दौरान क्लब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए तहे दिल से आभारी हैं।हालांकि हमने शुरू में बाबर के फाइनल में पूरे समय उपलब्ध रहने की योजना बनाई थी, लेकिन वह हमारे ग्रुप के एक बहुत ही वैल्यूएबल सदस्य रहे हैं, और हम पूरी तरह समझते हैं कि पाक के नेशनल कैंप की शुरुआत का मतलब है कि अब आने वाले मैचों के लिए तैयारियां चल रही हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राहुल के आरोप

कांग्रेस महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को जिस तरह सरकार ने खत्म किया है, उसको लेकर वह पीएम मोदी पर सीधे निशाना साध रही है। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति एक वोट की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिन्दुस्तान फिर से वापस लाया जाए। वह यह भी कहते हैं कि यह इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। मनरेगा रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार देता था और इसके पीछे उसकी सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो वह सम्मान के साथ व अधिकार के साथ काम मांग सके। कांग्रेस ने साफ किया कि वह सरकार को अपने मिशन में कामयाब नहीं होने देगी और इसके लिए बराबर लड़ेगी। उन्होंने याद भी दिलाया कि अब से पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिससे किसानों ने रोक दिया जो अन्याय किसानों के साथ किया जाता था वही मजदूरों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि किस तरह दबाव के चलते किसानों के तीन काले कानून वापस लिए गए थे। राहुल गांधी मोदी सरकार को किसान विरोधी व मजदूर विरोधी बता रहे हैं। अपने तर्क में वह यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि यह सबकुछ पूंजीपतियों के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि भाजपा ऐसी व्यवस्था चाहती है जो देश की आजादी से पहले बनी हुई थी। उनकी मंशा है कि हिन्दुस्तान के चुने हुए लोगों के पास शक्ति हो और वह जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। मोदी सरकार गरीबों को कुचलने और उन्हें चलाने का अधिकार भाजपा, अडाणी व अंबानी को देना चाहती है। इसके पीछे उसकी सोच यह है कि जब सारे अधिकार उन्हें मिल जाएंगे, तब गरीब पूरी तरह से देश के अमीरों पर निर्भर हो जाएगा। गरीब उनकी बात मानेगा, नहीं मानने पर वह भूखा मरेगा। यही ये लोग चाहते हैं। इसलिए गरीबों के रोजगार का अधिकार देने वाले मनरेगा को खत्म किया गया है। वह देश की आजादी से पहले राजा-महाराजाओं की सरकार जिस तरह चलती थी उसी तरह सरकार चलाना चाहते हैं, जहां संविधान के लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी लोगों से आह्वान भी करते हैं वह इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ दें। वह पूरे विपक्ष को भी एकजुट रखकर इस लड़ाई को लड़ने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी के इन तमाम आरोपों को केवल राजनीति से प्रेरित रहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आखिर मनरेगा जैसी योजना में संशोधन की क्या जरूरत थी। उस वक्त तो और भी नहीं जब संशोधन करने की कहीं से भी आवाज न उठ रही हो। मजदूरों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।

## मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी




भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है, मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है, सरकार मनरेगा खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था, अब जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी, कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी, जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय

अंतरिक्ष मानव सभ्यता के लिए केवल तारों और ग्रहों का रहस्यमय विस्तार नहीं है, बल्कि यह जीवन की परिभाषा, उसके व्यवहार और उसके विकास को समझने की एक अनोखी प्रयोगशाला भी है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष में अधिक समय बिताने लगा है, वैसे-वैसे यह प्रश्न भी गंभीर होता जा रहा है कि वहां मौजूद सूक्ष्मजीव, विशेष रूप से वायरस, किस प्रकार व्यवहार करते हैं। पृथ्वी पर वायरस पहले से ही जीवन के सबसे रहस्यमय रूपों में गिने जाते हैं, और जब यही वायरस अंतरिक्ष जैसे अत्यधिक भिन्न वातावरण में पहुंचते हैं, तो उनके भीतर होने वाले परिवर्तन वैज्ञानिकों के लिए गहन अध्ययन का विषय बन जाते हैं। अंतरिक्ष में विक. सित या परिवर्तित वायरस को अक्सर स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस कहा जाता है, और यह अवधारणा भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं, मानव स्वास्थ्य और जैविक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनती जा रही है।

वायरस पृथ्वी पर हर जगह पाए जाते हैं हवा में, पानी में, मिट्टी में और यहां तक कि हमारे शरीर के भीतर भी। वे जीवित और निर्जीव के बीच की एक अनोखी कड़ी माने जाते हैं, क्योंकि वे स्वयं स्वतंत्र रूप से प्रजनन नहीं कर सकते, बल्कि किसी जीवित कोशिका का सहारा लेते हैं। पृथ्वी का वातावरण, गुरुत्वाकर्षण, तापमान और विकिरण का स्तर वायरस के व्यवहार को प्रभावित करता है, लेकिन अंतरिक्ष में ये सभी कारक नाटकीय रूप से बदल जाते हैं। वहां सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, तीव्र कॉस्मिक विकिरण, सीमित पोषण और अलग प्रकार की जैविक परिस्थितियां मौजूद होती हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि वायरस भी इन परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने लगें। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए अनेक प्रयोगों से यह सामने आया है कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में सूक्ष्मजीवों का व्यवहार बदल जाता है। बैक्टीरिया और वायरस दोनों ही अंतरिक्ष में अलग ढंग से बढ़ते और विकसित होते हैं। कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि अंतरिक्ष में मौजूद वायरस अधिक सक्रिय हो सकते हैं या उनके संक्रमण की क्षमता में बदलाव आ सकता है। यह परिवर्तन किसी जादुई प्रक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि जैविक अनुकूलन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। जब कोई जीव या सूक्ष्मजीव नए वातावरण में पहुंचता है, तो उसका जीनोम धीरे-धीरे उन परिस्थितियों के अनुसार ढलने लगता है। कॉस्मिक विकिरण अंतरिक्ष का एक प्रमुख कारक है, जो पृथ्वी के वातावरण में मौजूद ओजोन परत द्वारा काफी हद तक रोका जाता है। अंतरिक्ष में यह सुरक्षा कवच नहीं होता। यह विकिरण वायरस के डीएनए या आरएनए में उत्परिवर्तन कर सकता है। कुछ उत्परिवर्तन वायरस को कमजोर बना सकते हैं, जबकि कुछ उसे अधिक अनुकूल और कभी-कभी अधिक खतरनाक भी बना सकते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक अंतरिक्ष में वायरस के विकास को लेकर सतर्क रहते हैं।

यह केवल अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य का सवाल नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर वापस लौटने वाले अंतरिक्ष यानों के साथ संभावित जैविक जोखिम का भी प्रश्न है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा केवल सैद्धांतिक नहीं है। कई प्रयोगों में देखा गया है कि अंतरिक्ष में रखे गए वायरस पृथ्वी पर लौटने के बाद अपने मूल रूप से कुछ अलग व्यवहार करते हैं। कुछ वायरस अधिक तेजी से कोशिकाओं को संक्रमित करते पाए गए, जबकि कुछ की प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने की क्षमता में बदलाव देखा गया। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर अंतरिक्ष-विकसित वायरस खतरनाक ही होगा, लेकिन यह अवश्य दर्शाता है कि अंतरिक्ष जैविक विकास को एक नई दिशा दे सकता है। मानव शरीर स्वयं भी अंतरिक्ष में बदलता है। लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से अंतरिक्ष यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। ऐसे में यदि कोई वायरस अधिक सक्रिय या अनुकूलित रूप में मौजूद हो, तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष मिशनों में जैविक निगरानी को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर में मौजूद वायरस, जैसे कि हर्पीस वायरस, अंतरिक्ष में अधिक बार सक्रिय होते देखे गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि अंतरिक्ष का वातावरण वायरस और मेजबान दोनों के बीच के संतुलन को बदल सकता है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस का अध्ययन केवल जोखिमों तक सीमित नहीं है। इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। अंतरिक्ष में वायरस के व्यवहार को समझकर वैज्ञानिक नई दवाओं, वैक्सीन और जैव-प्रौद्योगिकी के नए रास्ते खोल सकते हैं। यदि



यह समझ में आ जाए कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण या विकिरण वायरस की संरचना को कैसे बदलता है, तो उसी ज्ञान का उपयोग पृथ्वी पर रोगों के उपचार में किया जा सकता है। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष अनुसंधान से प्राप्त जानकारी कैंसर चिकित्सा, जीन थेरेपी और प्रतिरक्षा विज्ञान में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसके अतिरिक्त, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस जीवन की उत्पत्ति से जुड़े प्रश्नों को भी नई दृष्टि से देखने का अवसर देते हैं। कुछ सिद्धांतों के अनुसार, जीवन के मूल घटक अंतरिक्ष से पृथ्वी पर आए होंगे। यदि वायरस अंतरिक्ष में विकसित हो सकते हैं, तो यह संभावना और भी मजबूत होती है कि जीवन के सरल रूप ब्रह्मांड में व्यापक रूप से मौजूद हों। यह विचार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि पृथ्वी पर जीवन शायद अकेला नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के अन्य हिस्सों में भी सूक्ष्म स्तर पर जीवन पनप रहा हो सकता है। अंतरिक्ष में जैविक सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। जैसे-जैसे मानव मंगल, चंद्रमा और उससे आगे की यात्राओं की योजना बना रहा है, वैसे-वैसे यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि हम अपने साथ पृथ्वी के वायरस को अनियंत्रित रूप से अन्य ग्रहों पर न ले जाएं। इसी प्रकार, किसी अन्य ग्रह से संभावित जैविक तत्वों को पृथ्वी पर लाने से पहले भी सावधानी बरतनी होगी। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस इस संदर्भ में एक चेतावनी की तरह हैं, जो हमें यह याद दिलाते हैं कि जीवन और जैविक पदार्थ अत्यंत अनुकूलनशील होते हैं। अंतरिक्ष में वायरस का विकास हमें यह भी सिखाता है कि प्रकृति सीमाओं को नहीं मानती। जहां जीवन के लिए परिस्थितियां अत्यंत कठोर प्रतीत होती हैं, वहां भी जैविक तत्व अपने अस्तित्व के रास्ते खोज लेते हैं। यह अनुकूलनशीलता ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। वायरस, जो स्वयं जीवन की सीमाओं पर खड़े होते हैं, अंतरिक्ष में जाकर इस सत्य को और भी स्पष्ट कर देते हैं। भविष्य में स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस पर शोध और अधिक गहन होगा। नई तकनीकों, जैसे कि उन्नत जीनोमिक विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, की सहायता से वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश करेंगे कि अंतरिक्ष में कौन-से उत्परिवर्तन होते हैं और उनके दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। यह शोध न केवल अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पृथ्वी पर मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जैविक संतुलन को समझने में भी सहायक होगा। अंततः, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा हमें यह एहसास कराती है कि अंतरिक्ष केवल भौतिक अन्वेषण का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह जैविक और दार्शनिक प्रश्नों का भी मंच है। यह हमें जीवन की नाजुकता और उसकी अद्भुत अनुकूलन क्षमता दोनों से परिचित कराता है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष की ओर अपने कदम बढ़ाता जाएगा, वैसे-वैसे यह आवश्यक होगा कि वह न केवल तकनीकी रूप से, बल्कि जैविक और नैतिक रूप से भी तैयार हो। अंतरिक्ष में विक. सित वायरस इस यात्रा के मूक साक्षी हैं, जो हमें लगातार यह याद दिलाते हैं कि जीवन जहां भी जाता है, वहां परिवर्तन और विकास अनिवार्य होते हैं। **-साभार**

# भू-तापीय ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की नई दावेदार

**भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं। बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है।**

लंबे समय तक नजरअंदाज की गई भूतापीय ऊर्जा इन दिनों स्वच्छ ऊर्जा का एक आशाजनक विकल्प बनकर उभर रही है। जहां अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी टेक्नो-कंपनियां हाल ही में परमाणु ऊर्जा समझौतों के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं मेटा और गूगल जैसी कंपनियां नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक में भारी निवेश कर रही हैं। दरअसल, पारंपरिक भूतापीय प्रणालियां धरती के गर्भ में मौजूद प्राकृतिक गर्म पानी के चश्मों पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, नई पीढ़ी की भूतापीय प्रणाली, जिन्हें एन्हांस्ड जियोथर्मल सिस्टम्स कहा जाता है, में जमीन में कई किलोमीटर गहरी बोरिंग करके पानी और रेत को उच्च दबाव पर डालकर चट्टानों में दरारें बनाई जाती हैं। इन दरारों से पानी गुजरते हुए चट्टानों की गर्मी से तपता है और भाप के रूप में सतह पर लौटता है। इस भाप का उपयोग बिजली बनाने में किया जाता है। वास्तव में, नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक को बढ़ावा देने में कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ह्यूस्टन स्थित फेर्वो एनर्जी कंपनी ऊटा में 2000 मेगावॉट क्षमता का भूतापीय संयंत्र बना रही है। यह क्षमता दो बड़े परमाणु रिएक्टरों के बराबर है। 2028 तक यह संयंत्र गूगल जैसे ग्राहकों को 400 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति करेगा।

मेटा के साथ साझेदारी में सेज जियोसिस्टम्स, 2027 तक मेटा के डैटा सेंटर्स को 150 मेगावॉट तक भूतापीय ऊर्जा प्रदान करने वाली है। कनाडाई कंपनी एवर फ्रैकिंग (चट्टान तोड़े) बगैर क्लोज्ड-लूप प्रणाली बनाएगी, जिसमें पानी भूमिगत सील्ड पाइपों में घूमता है। एवर का पहला व्यावसायिक संयंत्र जर्मनी में



अगले वर्ष से शुरू होगा, जो स्थानीय कस्बों को ऊष्मा और बिजली की आपूर्ति करेगा।

**चुनौतियां और समाधान**

भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमे. रिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं।

**लागत की चुनौती**

बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है। साथ ही, भूतापीय ऊर्जा की एक बड़ी खासियत है कि यह दिन-रात लगातार बिजली बनाती है। यह स्थिरता इसे सौर और पवन जैसे अनियमित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का महत्वपूर्ण पूरक बनाती है।

**बाजार और संभावनाएं**

भूतापीय ऊर्जा की सफलता काफी हद तक भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखीय गतिविधि अधिक हैं या जहां पृथ्वी की पर्पटी पतली है जैसे पश्चिमी अमे. रिका वहां गर्म चट्टानें सतह के करीब होती हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन आसान और किफायती हो जाता है। अध्ययन बताते हैं कि अगर ऊर्जा संयंत्रों को बदलती ऊर्जा मांगों के अनुसार अनुकूल बनाया जाए, तो पश्चिमी अमेरिका में भूतापीय ऊर्जा परमाणु ऊर्जा की तुलना में अधिक किफायती हो सकती है। बहरहाल, भूतापीय ऊर्जा के सामने अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह सतत और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता रखती है, जो इसे भविष्य के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है। **-स्रोत फीचर्स**

# साइबर अपराध का बढ़ता आतंक और लाचार सरकारी तंत्र



**रजनीश कपूर**

साइबर अपराध आज की डिजिटल दुनिया में एक ऐसी महामारी बन चुका है जो न केवल आम आदमी की मेहनत की कमाई को चंद मिनटों में उड़ा देता है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गोंरू बुजुर्गों और अशिक्षितोंको भी अपना शिकार बनालेता है। हाल ही में दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग एनआरआई दंपत्ति, ओम तनेजा और डॉ. इंदिरा तनेजा, के साथ हुई घटना इसकी एक दर्दनाक मिसाल है। यह दंपत्ति अमेरिका से 2014 में अपनी मातृभूमि की सेवा करने के इरादे से भारत लौटे थे, लेकिन साइबर ठगों ने उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर दो सप्ताह से अधिक समय तक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 14.85 करोड़ रुपये ठग लिए। यह दिल्ली में हुई अब तक के सबसे बड़े साइबर फॉड मामलों में से एक है, जहां ठगों ने खुद को दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई), मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर दंपति को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स से जुड़े झूठे आरोपों में फंसाया। इस घटना ने न केवल इस दंपत्ति की जीवनभर की बचत छीन ली, बल्कि पूरे देश में साइबर सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

इस मामले में मुंबई पुलिस और सीबीआई के फर्जी अधिकारियों ने उन्हें डर धमका कर 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा, जहां वे घर से बाहर नहीं निकल सकते थे और लगातार निगरानी में रहने को मजबूर थे। ठगों ने धमकी दी कि अगर वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके बच्चे भी फंस जाएंगे।



दंपत्ति, जो शिक्षित और अमेरिका में दशकों तक काम कर चुके थे, डर के मारे इनकी हर गैरकानूनी शर्तों पर सहमत हो गए। उन्होंने अपनी म्यूचुअल फंड और बचत खातों से 8 अलग-अलग ट्रांसफर में 14.85 करोड़ रुपये 'वेरिफिकेशन' के नाम पर ठगों के खातों में ट्रांसफर कर दिए, जिसमें हर ट्रांसफर लगभग 2 करोड़ का हुआ। गौरतलब है कि यह कोई इकलौता मामला नहीं है, भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2024 के बीच ऐसे मामले तीन गुना बढ़कर 1,23,000 हो गए और पीड़ितों से करोड़ों रूपए ठगे गए। उदाहरण के तौर पर, मुंबई में एक 86 वर्षीय महिला से 20 करोड़ रुपये ठगे गए, जहां ठगों ने खुद को अधिकारियों के रूप में पेश किया। बेंगलुरु में एक महिला टेकी से 32 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जो इनसाइडर ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट स्कैम से जुड़ी थी। मुंबई में एक 72 वर्षीय व्यवसाई और उनकी पत्नी से 58 करोड़ रुपये उड़ाए गए, जहां ठगों ने उन्हें दो महीने तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। दिल्ली में ही एक और बुजुर्ग व्यवसाई महिला से 6।9 करोड़ रुपये ठगे गए। यह मामले दिखाते हैं कि ठग बुजुर्गों और शिक्षितों को निशाना बनाते हैं, क्योंकि वे डर और अकेलेपन का फायदा उठाते हैं। कुल मिलाकर, 2025 में केवल दिल्ली में ही 1,250 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई और पूरे भारत में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सवाल उठता है कि आज के टेक्निकल युग में देश का सिस्टम क्यों फेल हो रहा है? अपराधी मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाकंबोडिया, म्यांमार, लाओस और चीनसे ऑपरेट करते हैं, जहां वे भारतीयों को ट्रैफिक कर 'स्लेव कंपाउंड्स' में साइबर अपराध करवाते हैं। फर्जी कॉल्स, फेक आईडी और एआई का इस्तेमाल कर वे भारतीय सिस्टम को चकमा देते हैं। जानकारों के अनुसार, भारतीय पुलिस में कुशल कर्मचारियों की कमी, पुरानी इंफ्रास्ट्रक्चर और कानूनी खामियां इसका एक बड़ा कारण हैं। जांच धीमी है, क्योंकि अपराध सीमा पार से हो रहे हैं और पैसा विदेशी खातों में जाता है। बैंक वाले ट्रांसफर को रोकने में असफल रहते हैं, क्योंकि पीड़ित खुद ही पैसा ट्रांसफर करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अपराधियों को पकड़ना मुश्किल है। अपराधी कम जोखिम में ज्यादा कमाई करते हैं और पकड़े जाने की दर काफी कम है। सोचने वाली बात है कि क्या सरकार केवल जागरूकता फैलाने तक ही सीमित है? नहीं, लेकिन सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयास अपर्याप्त हैं। गृह मंत्रालय ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर I4C स्थापित किया है, जहां नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 काम करते हैं। अब तक 9.42 लाख सिम और 2।63 लाख आईएमईआई ब्लॉक किए गए। सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फॉड रिपोर्टिंग सिस्टम ने 5,489 करोड़ रूपए बचाए। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में जागरूकता फैलाई और विज्ञापन, रेडियो, मेट्रो में अभियान चलाए। 26 दिसंबर 2025 को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनी, जो गूगल, व्हाट्सएप जैसी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। फाइनेंशियल फ्रॉड के लिए नई एसओपी बनी और एआई-बेस्ड फॉड डिटेक्शन पर जोर दिया जाने लगा। लेकिन शायद इतना सब भी काफी नहीं। इसके लिए कड़े चेक सिस्टम होने चाहिए। बैंक में असामान्य ट्रांसफर पर अलर्ट और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों जैसे यूएन साइबरक्राइम ट्रीटी को दृढ़ करना भी जरूरी है। गौरतलब है कि ऐसे में आम आदमी क्या करे? सबसे पहले, याद रखें कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कानून नहीं है। कोई कॉल आए तो उसकी जांच करें, पुलिस स्टेशन जाकर सूचना दें और इसे चेक करें। किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर न करें, ओटीपी शेयर न करें। अपने घर परिवार में बुजुर्गों को शिक्षित करें, अकेले न छोड़ें। सरकारी जागरूकता अभियान के अनुसार यदि आप भी साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। बैंक को सूचित कर ट्रांसफर फीज करवाएं। एफआईआर दर्ज कराएं और कोर्ट ऑर्डर से पैसा वापस पा सकते हैं। जैसे कि बेंगलुरु में एक दंपत्ति ने अपने 1.4 करोड़ रिकवर किए। जागरूकता फैलाएं, क्योंकि परहेज इलाज से बेहतर होता है। ऐसी घटनाएं साइबर अपराध की गंभीरता दर्शाती है। सरकार को जागरूकता से आगे बढ़कर सख्त चेक सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अपग्रेडेशन पर फोकस करना चाहिए। अन्यथा, 'डिजिटल इंडिया' का सपना एक डरावना सपना बन जाएगा। आम आदमी की सुरक्षा राज्य की जिम्मेदारी है, समय है कड़े कदम उठाने का।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

## अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी, ईयू बोलाः आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।



**ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया**

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया। कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे। भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय काउंसिल की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने साइन के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। सीबीएएम के तहत स्टील और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैरिफ के लिए बनाए गए नियम है। अगर कोई देश बहुत प्रदूषण करके सामान बनाता है। फिर उसे यूरोप में लाया जाता है, तो यूरोप उस पर अतिरिक्त टैक्स लगाता है। ईयू ने इस पालिसी को लेकर अब तक कोई बदलाव नहीं किया है। दोनों देश इसका हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कलास ने कहा है कि आज की खतरनाक दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं।



जम्मू। गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू-अखनूर-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त करते सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्य संख्या 15 से 25 की जाएः भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समयबद्ध सुधारों को लागू करने में हो रही देरी के प्रति आगाह करते हुए सुझाव दिया है कि अफ्रीका एवं एशिया प्रशांत को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए स्थाई तथा अस्थाई सीटों की संख्या बढ़ाकर 15 से 25 की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने बुधवार को जी-4 (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) की ओर से बयान देते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व बघया जाना चाहिए जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है या बहुत कम है।

## ग्रीस में खराब मौसम के कारण दो लोगों की मौत

**एथेंस।** ग्रीस में खराब मौसम के कारण बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दक्षिणी ग्रीस के पेलोपोन्नीस पेनिनसुला में एस्ट्रोस किनौरियास बंदरगाह पर तेज लहरों में बह जाने और सिर में गंभीर चोटें आने के कारण एक तटरक्षक अधिकारी की मौत हो गई। ग्रीक नेशनल ब्रॉडकास्टर ईआरटी ने बताया कि दक्षिणी एथेंस के सबअर्ब ग्लीफाडा में बाढ़ के पानी में एक महिला की कार बह जाने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देश के बड़े हिस्से मौसम के इस बदलाव से प्रभावित हुए जिससे भारी बारिश, तेज हवाएं और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। एटिका सहित कम से कम छह इलाकों को 'रेड कोड' इमरजेंसी की स्थिति में रखा गया और निवासियों को अलर्ट मिले जिनमें उनसे घर के अंदर रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर एटिका और अन्य प्रभावित इलाकों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। पूरे देश में यातायात में रुकावट की खबरें आईं, कई गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह प्रभावित इलाकों में फंस गए जबकि देश भर के बंदरगाहों पर नाव सेवाएं रोक दी गईं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का यू-टर्न

## यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे, ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ की बातचीत

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा।



**अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगाः ट्रम्प**

हालांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी। ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा। सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है। सीबीएस न्यूज के सूत्रों के मुताबिक इस समझौते के तहत सबसे अहम बात ये होगी कि अमेरिका, ग्रीनलैंड का मालिक नहीं बनेगा। वह हर फैसले डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सहमति से ही लेगा। नाटो ने भी इस समझौते के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गठबंधन की प्रवक्ता एलिसन हार्ट ने कहा कि ट्रम्प और मार्क रुट की मुलाकात बहुत फायदेमंद रही। उनके मुताबिक, आगे होने वाली बातचीत का मकसद यही होगा कि नाटो के देश मिलकर आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच बातचीत जारी रहेगी, ताकि रूस और चीन ग्रीनलैंड में कभी भी कोई ठिकाना न बना सकें। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने भी बयान जारी कर कहा कि दिन की शुरुआत भले अच्छी नहीं रही हो, लेकिन अंत बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क इस बात का स्वागत करता है कि ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को बलपूर्वक लेने की बात से इनकार किया और यूरोप के साथ व्यापार युद्ध को फिलहाल रोक दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ पर लिखा कि ग्रीनलैंड से जुड़े गोल्डन डोम मामले पर और चर्चा जारी है।

### ट्रम्प ने जंग सुलझाने वाला बोर्ड ऑफ पीस किया लॉन्च

**दोहा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए 'बोर्ड आफ पीस' को लान्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे। इसमें पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद थे। भारत से कोई हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुआ। वहीं अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। पहले माना जा रहा था कि कार्यक्रम में 35 देशों के नेता शामिल हो सकते हैं। ट्रम्प ने पिछले साल सितम्बर 2025 में पहली बार गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। ट्रम्प के साथ मंच पर कई देशों के नेता मौजूद रहे। तस्वीर में ट्रम्प इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो। ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितम्बर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था।

**पाकिस्तानी पीएम मौजूद थे भारत से कोई नहीं, 60 देशों को न्योता भेजा 20 पहुंचे**

# यूरोपीय देशों के राजदूतों से मिले एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां यूरोपीय संघ के देशों के राजदूतों के साथ मुलाकात की और वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा की। यूरोपीय राजनयिकों के साथ मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में मौजूदा अस्थिरता और अनिश्चितता के माहौल में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध जरूरी हैं।



**विदेश मंत्री ने कहा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से वैश्विक व्यवस्था होगी स्थिर**

इन संबंधों से वैश्विक व्यवस्था को स्थिरता मिलेगी। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज यूरोपीय संघ के देशों के राजदूतों के साथ बातचीत कर खुशी हुई। उनसे दुनिया की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की, जहां अस्थिरता और अनिश्चितता नई सामान्य स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि बातचीत में उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं पर सहयोग के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करेंगे, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी अभियानों और विकास परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भरोसा जगाएंगे और व्यापार, आवागमन तथा सुरक्षा साझेदारी को सशक्त बनाकर वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कोस्टा और सुडेर लेयन की यात्रा का भारत में उत्सुक्ता से इंतजार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष नेता इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे।

# बांग्लादेश में पाक समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बनाएगी!

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है।

हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था। यह बैन 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली। अमेरिकी संस्था इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट (आईआरआई) ने दिसम्बर में कराए गए एक सर्वे में बताया था कि बीएनपी को 33 प्रतिशत और जमात को 29 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। वहीं जनवरी में किए गए एक जाइंट सर्वे में बीएनपी को 34.7 प्रतिशत और जमात को 33.6 प्रतिशत समर्थन मिला था। यह सर्वे नरेटिव, प्रोजेक्शन बीडी, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ ला एंड डिप्लोमेसी (आईआईएलडी) और जगोरन फाउंडेशन ने मिलकर किया था। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान का कहना है कि उनकी पार्टी अब विरोध और टकराव की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के हितों की राजनीति कर रही है। उन्होंने मेडिकल कैंप लगाने, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और आंदोलन में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने की बात कही। एक्सपर्ट्स का मानना है कि लोगों में पिछली सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा है, जिसका फायदा जमात को मिला।

**जमात-ए-इस्लामी सर्वे में दूसरे नंबर पर पहुंची देश की आजादी का विरोध किया था**

# भारत को टैरिफ से ज्यादा पाल्यूशन से खतराः हार्वर्ड प्रोफेसर

## गीता गोपीनाथ ने कहाः हर साल 17 लाख लोग मर रहे, फिर भी ध्यान नहीं

**दावोस।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने पाल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने ये बयान दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए दिया। गीता यहां वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती।

उन्होंने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगाए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है। यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। गीता गोपीनाथ ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत से परिवारों पर असर पड़ता है, कामकाजी लोगों की संख्या घटती है और देश के लंबे समय के विकास को नुकसान होता है।



**वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है**

उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से लोगों की काम करने की क्षमता घटती है, इलाज पर खर्च बढ़ता है और देश की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे विकास की रफ्तार धीमी होती है। गीता गोपीनाथ ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ भारत की अंदरूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह उन विदेशी निवेशकों के लिए भी चिंता का विषय है जो भारत में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। गीता गोपीनाथ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निवेशक जब भारत में कारोबार शुरू करने और यहां रहने की योजना बनाते हैं, तो वे पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हैं। खराब हवा और खराब रहने की स्थिति, खासकर स्वास्थ्य से जुड़े खतरे, निवेशकों को रोक सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह चिंता उन भारतीयों के लिए और भी ज्यादा है जो रोज प्रदूषित शहरों में रहते और काम करते हैं। प्रदूषण पर कंट्रोल और नियमों में ढील जैसे मुद्दों पर तुरंत पालिसी लेवल पर कदम उठाने की जरूरत है। भारत जब खुद को एक ग्लोबल आर्थिक और मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के तौर पर पेश कर रहा है, तब ये बातें साफ करती हैं कि साफ शहर और बेहतर जीवन स्थितियां बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटना सिर्फ पर्यावरण से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह लोगों की जान बचाने, आर्थिक विकास बढ़ाने और भारत को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने से जुड़ा है। भारत में वायु प्रदूषण अब सिर्फ एक पर्यावरण की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की जान और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट लैंसेट काउंटडाउन आन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज ने 29 अक्टूबर 2025 को जारी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में भारत में पीएम 2.5 नामक बारीक प्रदूषक कणों के कारण 17 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ये 2010 के मुकाबले 38 प्रतिशत ज्यादा हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत मौतें कोयला और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधनों (फासिल फ्यूल) के जलने से हुई।

# ग्रीनलैंड पर 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क

## अमेरिका ने हमला किया, तो नाटो दूर रहेगा, एक्सपर्ट बोलेः यह डेनमार्क के कर्मों का फल

**नुउक।** डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं।

ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है। डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्की के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत संघ से बचाव के लिए हुई थी।



**नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है**

इसके नियमों का आर्टिकल-5 कहता है कि अगर किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो उसे सभी पर हमला माना जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि अगर हमला नाटो के अंदर से ही हो, तो क्या होगा? इस पर नाटो के नियम साफ नहीं हैं। ट्रम्प काफी समय से यूरोप और नाटो देशों को भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। वे बार-बार ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कर चुके हैं। यूरोप के कई नेताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमेरिका ने सच में ताकत के बल पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, तो यह नाटो के लिए अंत की शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में प्रतीकात्मक तौर पर सैनिक भेजे हैं। ब्रिटेन ने सिर्फ एक सैनिक और नार्वे ने दो सैनिक भेजे। यह कदम सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश था। हालांकि इससे भी ट्रम्प नाराज हो गए और उन्होंने डेनमार्क के समर्थन में खड़े यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। साइप्रस एक छोटा सा आइलैंड है, लेकिन इसकी भौगोलिक और राजनीतिक अहमियत बहुत बड़ी रही है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट के बीच स्थित है। लंबे समय तक साइप्रस पर ब्रिटेन का शासन था और 1960 में यह ब्रिटेन से आजाद हुआ। आजादी के समय साइप्रस की आबादी दो हिस्सों में बंटी हुई थी। तब करीब 80 प्रतिशत आबादी ग्रीक मूल की थी और लगभग 18 प्रतिशत तुर्की मूल की। दोनों समुदायों के बीच पहले से तनाव था, इसलिए आजादी के साथ ही एक खास व्यवस्था बनाई गई।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के शिकार रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर